खबर संक्षेप

## बांझपन निवारण शिविर का आयोजन 31 को

**सौंसर।** आगामी 31 मार्च रविवार को निःशुल्क निसंतान, वधत्व (बांझपन) निवारण व स्त्रीरोग जाँच शिविर का आयोजन शिव शनि मंदिर,फवारा चोक में किया जा रहा है। शिविर आयोजन फर्टिलिटी कन्सल्टंट व टेस्ट ट्यूब बेबी विशेषज्ञ डॉ.प्रेरणा गुप्ता ने बताया की छिंदवाड़ा में निःशुल्क वंधत्व और स्त्री जाँच रोग निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में नागपुर के विशेषज्ञ डॉक्टर के द्वारा अपनी सेवाएं दी जाएगी।शिविर में एक साल से अधिक समय से प्रयत्न करने पर भी गर्भधारणा नही होना,बार-बार गर्भपात नही होना, प्रेनेंसी का नही रुकना, पी.सी.ओ.डी. या अनियमित माहवारीगर्भनली बंद हो गई है या नसबंदी ऑपरेशन हो चुकी है, गर्भाशय के विकार आदि से पीडित निसंतान दंपती शिविर का लाभ ले सकते है। शिविर में स्त्रीरोग समस्या के लिए भी मार्गदर्शन दिया जाएगा,निसंतान दंपत्ति के कल्याण के लिए इस प्रकार के शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

## आदिवासी अंचल के विद्यार्थियों को पहुंचेगा लाभ

**जुन्नारदेव।** शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव को भूगोल विषय में शोध केंद्र बनाया गया है वही शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव के प्राचार्य डॉक्टर वायके शर्मा एवं भूगोल विषय की प्राध्यापक डॉक्टर संगीता वाशिंगटन को रिसर्च गाइड नियुक्त किया गया है। महाविद्यालय की इस उपलब्धि पर प्रेस वार्ता के दौरान डॉक्टर वाशिंगटन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस आदिवासी अंचल के विद्यार्थी एंट्रेंस एग्जाम पास कर भूगोल विषय में शोध कार्य पूर्ण कर सकते हैं उन्हें भूगोल विषय में शोध करने के लिए संपूर्ण सुविधा शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में ही उपलब्ध होगी। डॉक्टर शर्मा ने महाविद्यालय को प्राप्त हुई इस उपलब्धि को बहुमूल्य बताया और क्षेत्र के विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने की बात भी कहीं। गौरतलब हो कि राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा द्वारा बीते दिनों शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव के भूगोल विभाग को रिसर्च सेंटर घोषित किया।

### मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष ने अंगवस्त्र पहनाकर किया पार्टी में स्वागत

# भाजपा के हुए अजय सक्सेना, 400 से अधिक ने थामा भाजपा का दामन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



प्रदेश कार्यालय में गुरूवार को छिंदवाडा से महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री एवं कांग्रेस के पूर्व मंत्री तेजीलाल सरेयाम की बहू श्रीमती सुहागवती सरेयाम, कांग्रेस के पूर्व मंत्री व वरिष्ठ नेता दीपक सक्सेना के पुत्र अजय सक्सेना, नगरनिगम छिंदवाड़ा के नेता पार्षद पं. राम शर्मा, छिंदवाड़ा नगरनिगम के सभापति चंद्रभान देवरे, पूर्व मंडी अध्यक्ष नंदकिशोर सूर्यवंशी, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष पंकज शुक्ला, पार्षद श्रीमती सुनिता विजय पाटील, श्रीमती शिवानी बंटी सक्सेना, श्रीमती अभिनव मनोज कुशवाहा, आसिफ खान बंटी, विनय पांडे, हनी साहू, बुनकर, उपसरपंच गुरैया सिंद्धार्थ कराड़े, उपसरपंच रोहनाकला गोलू यादव, महेन्द्र छोटू पाल, गौरव चौधरी, रजनीश पांडे, जोन प्रभारी नगर कांग्रेस छिंदवाड़ा विनोद गढेवाल, पूर्व पार्षद लव ठाकुर, सचिव शहर कांग्रेस छिंदवाड़ा कुश ठाकुर, सहजोन प्रभारी शहर कांग्रेस मिलिंद नवघरे, अध्यक्ष वार्ड 5 पंकज शर्मा, सहजोन प्रभारी शहर कांग्रेस विपिन यादव, शिवदयाल शर्मा, चुन्नीलाल खुराना, राजाराम, वार्ड समन्वयक वार्ड क्र. 5 कृष्णाराव साठे, चुन्नीलाल खुराना, राजाराम राठौर बूथ प्रभारी, बूथ प्रभारी वार्ड क्र. 5 गणपत साहू, वार्ड अध्यक्ष वार्ड क्र. 44 मनोज सरेठा, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष हर्रई, रमेश कुमार साहू, पूर्व नगर अध्यक्ष हर्रई कमलेश साहू, पूर्व मंडी अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस श्याम साहू हर्रई, जुन्नारदेव विधानसभा प्रभारी डॉ. नरेन्द्र सिंह ठाकुर, वरिष्ठ नेता श्री यासीन खान, कांग्रेस पूर्व महामंत्री श्री ऐबाबू खान, वार्ड प्रभारी श्री जमशेद खान, एनयूएसआई जिला प्रभारी श्री आरिश खान, कांग्रेस नेता श्री इदरिश अंसारी सहित 400 से अधिक कांग्रेस पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने एवं छिंदवाड़ा के भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विकास कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष ने अंगवस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री व विधायक श्री भगवानदास सबनानी एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री आशीष अग्रवाल, भाजपा जिला महामंत्री परमजीत विज, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष विजय पांडे, जिला उपाध्यक्ष धीरज बंटी पटेल, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय पटेल, भाजपा नेता संतोष पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला, भाजपा नेता सैयद जाफर, चन्द्रपाल पटेल, ओम चौरसिया, गोलू पटेल, संदीप रघुवंशी, बबलू विश्वकर्मा, बामन साबले उपस्थित थे।

### दीपक सक्सेना ने दिया कांग्रेस के सभी पदों से इस्तीफा

जिस तरह से कांग्रेस के नेता भाजपा में शामिल हो रहे हैं अचानक छिंदवाड़ा जिले के नेताओं का भाजपा में शामिल होने की बाढ़ आ गई है कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कई नामचीन चेहरों सहित हजारों कार्यकर्ताओं को भाजपा में शामिल कर लिया। तो 50 गाड़ियों का काफिला भोपाल रवाना हो गया है । भाजपा में शामिल होने वाले कई बड़े नाम जो अब तक कमलनाथ के करीबी माने जाते रहे वे सभी भाजपा की तरफ रुख कर रहे हैं। अचानक आए इस भूचाल से अब छिंदवाड़ा में किसी बड़े राजनीतिक धमाके की संभावना बढ़ती दिखाई देने लगी है और संभावना है कि जल्द ही जिले में यह धमाका भी हो जाएगा जिससे अब तक कई भाजपा और कांग्रेस नेता अनभिज्ञ है। नेताओं को पता ही नहीं है कि आने वाले 10 दिनों में जिले में क्या-क्या राजनीतिक उठा फाटक होने की संभावना दिखने लगी है। बड़ी बात यह है कि भाजपा प्रत्याशी की टिकट पहले ही घोषित हो चुकी थी लेकिन आज तक भाजपा प्रत्याशी युद्ध स्तर पर अपना चुनाव प्रचार शुरू नहीं कर पाए बाहर से आने वाले नेताओं के साथ ही भाजपा प्रत्याशी नजर आ रहे हैं और ज्यादातर समय में कांग्रेस के नेताओं को भाजपा में शामिल करने में व्यस्त है। जबकि नकुलनाथ लगातार पूरे जिले का दौरा कर रहे हैं कार्यकर्ताओं और लोगों से मुलाकातें कर रहे हैं। कांग्रेस से भाजपा में जाना या बीजेपी से कांग्रेस में आना ज्यादा बड़ी बात नहीं है । यह सामान्य राजनीतिक घटनाक्रम है लेकिन जिस तेजी से कांग्रेसी नेता और खास तौर से अब तक कमलनाथ के करीबी और विश्वासपात्र माने जाने वाले नेता लगातार भाजपा में जाकर सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। यह बात कई आशंकाओं को जन्म देने लगी है कोयलाअंचल क्षेत्र के नेता सैयद जफर जिन्हें प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता का पद केवल कमलनाथ की बदौलत मिला, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रसून श्रीवास्तव जैसे वरिष्ठ कांग्रेसी और कांग्रेसी विचारधारा के व्यक्ति, चंद्रभान देवर जैसे शहर के ऐसे नेता जो कभी भी कांग्रेस का दामन छोड़ने की सोच नहीं सकते थे। ऐसे नेता भी भाजपा में शामिल हो रहे हैं। इतना ही नहीं कमलनाथ के दिल्ली दौरे के दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री और अब तक कमलनाथ के सबसे करीबी रहे दीपक सक्सेना ने जिस तरह से कमलनाथ के भाजपा में जाने की अटकलें को सही ठहराया था। उसके बाद उनके बेटे अजय सक्सेना के गुरुवार को बीजेपी ज्वाइन करने भोपाल जाने के बाद उन्होंने भी कांग्रेस के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया।

# खिलाड़ियों को मतदान करने किया प्रेरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

लोकसभा चुनाव 2024 अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर शीलेंद्र सिंह के आदेश पर छिंदवाड़ा शहर में स्वीप गतिविधि के प्रभारी एवं नगर पालिक निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के निर्देश पर निगम अमले ने शहर के विभिन्न स्थानों में स्वीप गतिविधि का आयोजन किया। निगम के सहायक यंत्री विवेक चौहान ने बताया कि गुरुवार को शहर के शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा स्थित मैदान में खिलाड़ियों से चर्चा कर उन्हे चुनाव की तारीखों एवं वोट देने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही वरिष्ठजनों को भी चुनावी प्रक्रिया की जानकारी दी गई। निगम के स्वीप गतिविधि दल द्वारा स्लम बस्तियों में भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस क्रम में दल द्वारा वार्ड क्रमांक 1 के गादरीढाना, वार्ड क्रमांक 3 के लोहारढाना एवं अन्य क्षेत्रों में आम नागरिको को एकत्रित कर मतदान प्रक्रिया को समझाया गया तथा बिना किसी लालच में आकर शत प्रतिशत मतदान करने की अपील भी की गई। इस दौरान नगर निगम की उपयंत्री स्मिता इंदौरकर, सीटी मैनेजर उमेश पयासी, सेवंती पटेल, राजस्व निरीक्षक ऋषभ स्थापक, पवन सोनी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। निगमायुक्त के निर्देश पर शहर में स्वीप गतिविधि लागतार आयोजित की जायेगी।

## पीएचई के प्रभारी कार्यपालन यंत्री बघेल हुए निलंबित

**छिंदवाड़ा।** राज्य शासन ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड छिंदवाड़ा के प्रभारी कार्यपालन यंत्री मनोज बघेल को नियमों के विपरीत जाकर मनमानीपूर्ण तरीके से कार्य करने पर निलंबित कर दिया है।उप सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि जल-जीवन मिशन के कार्यों की आमंत्रित निविदाओं में शासन के आदेशों के विपरीत निविदापूर्व अर्हता की शर्तों को रखा गया था। इस संबंध में की गई शिकायतों को सही पाया गया। प्रभारी कार्यपालन यंत्री को जारी किये गये कारण बताओ सूचना-पत्र का जवाब समय पर नहीं दिया गया। शासन ने प्रभारी कार्यपालन यंत्री द्वारा किये गये नियम विरुद्ध कार्यों के कृत्य को स्वैच्छाचारिता एवं मनमानीपूर्ण मानते हुए मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम-1966 के नियम-9 (1) (क) के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबित अधिकारी को नियमानुसार जीवन-निर्वाह भत्ता पाने की पात्रता रहेगी।



# उमरानाला चैकपोस्ट पर की वाहनों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शीलेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारी को मद्दे नजर रखते हुए जिले में आचार संहिता का पालन करवाने के लिए वाहनों की चेकिंग एवं स्थैटिक निगरानी दल (SST) चेक पोस्ट नाका उमरानाला का निरीक्षण किया । वहीं आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए कलेक्टर एवं एसपी के निर्देश पर जिले के सभी चैक पोस्टों पर वाहनों की सघन जांच की जा रही है। बीते दिनों सातनूर बॉर्डर पर 18 लाख रूपए गाड़ी बरामद किए गए थे। उमरानाला चैक पोस्ट पर वाहनों की जांच पड़ताल की गई। नियमों का पालन न करने वाले चालकों को हिदायत भी दी गई।

वहीं आरटीओ विभाग भी लगातार वाहनों की जांच कर रहा है और नियमों का पालन नहीं करने वाले चालकों पर चालानी कार्यवाही कर रहा है।

## होली और ईद को लेकर पुलिस चौकी सिंगोड़ी में शांति समिति की बैठक हुई संपन्न

**सिंगोड़ीः-** ग्राम सिंगोड़ी में होली एवं रंगपंचमी सहित ईद पर्व के मेले को लेकर आज सिगोडी पुलिस चौकी प्रांगण में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई।जिला पुलिस अधीक्षक महोदय छिंदवाड़ा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय छिंदवाड़ा के दिशा निर्देशानुसार



थाना अमरवाड़ा के चौकी सिंगोड़ी में आगामी दिनों में होलिका दहन एवं रंग पंचमी सहित ईद के पावन पर्व को लेकर लगने वाला ऐतिहासिक रंगपंचमी के विशाल मेला और भंडारे के कार्यक्रम को देखते हुए आज शांति समिति की बैठक का आयोजन चौकी सिंगोड़ी में किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुविभागीय दंडाधिकारी अमरवाड़ा हेमकरण धुर्वे ने किया तो वहीं विशेष अतिथि के रूप में एसडीओपी रविंद्र मिश्रा ,थाना प्रभारी राजेंद्र धुर्वे अमरवाड़ा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। चौकी प्रभारी सिंगोड़ी अविनाश पारधी ने शांति समिति की इस महत्वपूर्ण बैठक में होली पर्व ओर रंगपंचमी सहित ईद शबे कद्र पर्व पर कबीरपंथ स्थल पर लगने वाले ऐतिहासिक रंगपंचमी के मेले को लेकर किसी भी प्रकार का कोई आसामाजिक तत्वों के द्वारा माहौल खराब न करे ऐसे लोगो उपद्रवियों पर कार्यवाही करने की बात कही साथ ही समस्त त्यौहारो को आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। वही ग्राम सिंगोड़ी के बायपास मार्ग पर बाहरी लोगो के द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण करने वालो पर कार्यवाही करने की बात कही साथ ही बाजार चौक पर मेन रोड सड़क के किनारे लगी दुकानों को व्यवस्थित करने की चर्चा की गई। बस स्टैंड सिंगोड़ी में यातायात व्यवस्था वाहनों की पार्किंग व्यवस्था कराने की चर्चा की गई।

## मतदान करने के लिए किया गया जागरूक



**दमुआ ।** म प्र जन अभियान परिषद जिला छिंदवाड़ा के जिला समन्वयक कुलदीप ठाकुर के मार्गदर्शन एवं विकास खंड समन्वयक संजय बामने जी के मार्गदर्शन मे नंवाकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति नांदना के तत्वधान मे नगर विकास प्रस्फूटन समिति बूथ क्रमांक 145 मे नगर वासियो के साथ बैठक आयोजित की गयी जिसमे नवांकुर संस्था के अध्यक्ष द्वारा लोगो को अपने बूथ मे 100% मतदान करने हेतु प्रोत्साहित किया गया कोई भी मतदाता मतदान करने से ना छूटे ओर मतदान कर अच्छी सरकार बनाने हेतु बताया गया जिसमे मुख्य रूप से नगर विकास प्रस्फूटन समिति के अध्यक्ष अनिल धुर्वे, राहुल ठाकुर,वीरेंद्र परमार,सोनू धुर्वे,पवन पवार,अंकित ठाकुर मनोज धुर्वे जी परामर्शदाता श्री मुकेश यदुवंशी जी की उपस्थिति मे समन्न हुआ।

# आचार संहिता लगने के बाद शुरू हुआ पैथोलॉजी लैब निर्माण कार्य

### धूल युक्त रेत, बेसाइज गिट्टी से बैस निर्माण करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तामिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पुराने भवन को हटाकर नया पैथोलॉजी लैब भवन का निर्माण कार्य हाउसिंग बोर्ड के द्वारा ठेका पद्धति से ठेकेदार के माध्यम से करवाया जा रहा है। लेकिन आनन फानन में आचार संहिता लगने के बाद इस भवन को जेसीबी मशीन से तोड़कर इसका लोहा एवं मलवा बगैर निर्माण कार्य शुरू करने हेतु लेआउट दिए बगैर ठेकेदार के कर्मचारियों ने खुदाई चालू कर निर्माण कर शुरू कर दिया। क्योंकि ठेका लिया है, तो निर्माण कार्य शुरू होना भी लाजमी है। लेकिन इसमें आचार संहिता उल्लंघन के किए जाने की बात भी सामने आ रही है। कि इसे बिना किसी जनप्रतिनिधि के भूमि पूजन एवं विभागीय तकनीकी अधिकारी की गैर मौजूदगी में इसका कार्य शुरू किया जाना आचार संहिता के उल्लंघन की ओर इशारा तो करता है। यह सारे अब जांच के विषय है । कि आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है। या नहीं। यह तो स्वास्थ्य विभाग के सीसीटीवी कैमरे में देखा जा सकता है। कि इसमें कब इस भवन को तोड़ा गया और तोड़ने की अनुमति किससे ली गई। और लेआउट किसने दिया साथ ही इस निर्माण कार्य की कितनी लागत है। निर्माण एजेंसी कौन है, यह सारे उल्लेख निर्माण कार्य शुरू करने के पूर्व शिलालेख पर अंकित किए जाते हैं। लेकिन यहां पर ऐसा कहीं भी देखने नहीं मिल रहा है। ठेकेदार को स्वास्थ्य विभाग का भी सहयोग मिल रहा है।, क्यों कि उन्होंने अस्पताल के एक गेट के सामने अपनी निर्माण सामग्री फैला कर एंबुलेंस जैसे महत्वपूर्ण वाहन को भी प्रवेश करना वर्जित कर डाला। इसी से सिद्ध होता है कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी जो संबंधित एजेंसी हाउसिंग बोर्ड बतलाई जाती है। वह एवं ठेकेदार की जुगलबंदी से उनकी निर्माण सामग्री अस्पताल परिसर में पड़ी होना मरीजों एवं ड्यूटी पर आने जाने वाले स्टाफ के लिए भी मुसीबत साबित होने लगी है। जबकि अनुबंध में ऐसा कहीं उल्लेख नहीं होगा। कि आप जल्दबाजी के चक्कर में अस्पताल परिसर को निर्माण सामग्री उपयोग में लाये वहीं दिखावे के लिए आनन-फानन में धूल युक्त रेत एवं बे साइज बेस बनाने के लिए गिट्टी का ढेर अस्पताल गेट पर लगा डाला। इससे सिद्ध होने लगा है। कि ठेकेदार को विभाग के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग का भी साथ मिल रहा है।

इसके कारण शुरुआती दौर में ही घटिया निर्माण सामग्री में रेत गिट्टी कालम में जो रिंग बांधे गए हैं। वह भी बेस साइज है। इस तरह अस्पताल परिसर में बनने वाला पैथोलॉजी लैब शुरुआत के दौर में ही भ्रष्टाचार की कहानी कहने तैयार है। संबंधित एजेंसी ने गुणवत्ताहीन गिट्टी रेत लोहा कालम के लिए खोदे गए गड्ढे पर अंकुश नहीं लगाया तो पूर्व की तरह बनने के बाद यह भवन भी जर्जर अवस्था में कुछ वर्षों में ना आ जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

# प्रभार संभालते ही चौकी प्रभारी ने बनाई यातायात व्यवस्था

### बस स्टैंड सिंगोड़ी की सडकों में खड़े वाहनों पर की चालानी कार्यवाही



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के पुलिस चौकी सिंगोडी में नवागत चौकी प्रभारी अविनाश पारधी ने पदभार ग्रहण करते से ही सिंगोड़ी क्षेत्र की अव्यवस्था को व्यवस्थित करने की कार्यवाही प्रारंभ की ।बस स्टैंड सिंगोड़ी में दोपहिया बाईक सवार सड़क किनारे खड़े कर देते हैं जिससे आने जाने वाले लोगों को और राहगीरो को परेशानियों का सामना करना पड़ता है तो कही हादसा होने का डर बना रहता है।जिससे नगर की यातायात व्यवस्था लड़खड़ा जाती है गुरुवार को सिंगोड़ी चौकी प्रभारी अविनाश पारधी ने शांति समिति की बैठक ली। जिस पर ग्राम की अनेको समस्याओं को लेकर शांति समिति के लोगो ने सुझाव दिए और अव्यवस्था को व्यवस्थित करने की बात कही। जन समस्याओं के समाधान को लेकर आज चौकी प्रभारी स्वयं सहित पुलिस स्टाफ के साथ सड़कों पर उतरकर सड़क के किनारे खड़े दोपहिया और चौपहिया वाहन चालको को समझाईस दी तो वही नियमों का उल्लंघन करने वालो के खिलाफ चालानी कार्यवाही की।साथ ही इन्होंने लोगों से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति सड़क के किनारे अपने वाहनो को खड़ा न करें जबरन वाहनो को खड़ा कर अव्यवस्था करने वाले वाहन चालकों पर चालानी कार्यवाही की जाएगी। नवागत चौकी प्रभारी की कार्यवाही से क्षेत्र में असामाजिक तत्वों में और अव्यवस्था करने वाले लोगो ने हड़कंप मचा हुआ है और लोग नए चौकी प्रभारी के कार्यो की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए देखे जा रहे है वही लोग तरह तरह के कयास लगा रहे है।

## महिला मोर्चा जिला मंत्री ने किया कैलाश विजयवर्गीय का स्वागत

**दमुआ।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला मंत्री सपना सोनू सोनी के द्वारा जुन्नारदेव आए मध्य प्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन मंत्री आदरणीय कैलाश विजयवर्गीय और लोकसभा के प्रत्याशी आदरणीय विवेक बंटी साहू , कार्यकारी अध्यक्ष शेषराव जी ,पूर्व विधायक विधानसभा प्रत्याशी नत्थन शाह कवरेती, महिला मोर्चा अध्यक्ष गरिमा दामोदर ,जुन्नारदेव मंडल अध्यक्ष मोनू जैन ,दमुआ मंडल अध्यक्ष मोनू साहू ,नगर पालिका अध्यक्ष किरण खातरकर उपाध्यक्ष बबुआ कश्यप ,नगर पालिका जुन्नारदेव अध्यक्ष रमेश सालोडे उपाध्यक्ष सोनिया कुमरे ,योगेश साहू ,मोहन पाल, यशवंत पवार, मनोज दवंडे ,आलोक श्रीवास्तव ,प्रभाकर वासनिक,सोनू पाटिल,सोनू सोनी, नगर पालिका दमुआ नगर पालिका जुन्नारदेव के समस्त पार्षद गण सभापति गण उपस्थित हुए और सभी ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विवेक बंटी साहू जी को जीताने का संकल्प लिया और सभी भारतीय जनता पार्टी के पार्टी के श्रेष्ठ कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि भी सम्मानित मंच पर उपस्थित रहे और सभी ने कैलाश विजयवर्गीय का जोरदार स्वागत किया ।

### सौंसर विधानसभा के बोरगांव में हुआ भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन

# जातिगत जनगणना से कांग्रेस देश को बांटना चाहती है: कैलाश विजयवर्गीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा/सौंसर



लोकसभा चुनाव अंतर्गत विधानसभा स्तरीय भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए नगरीय प्रशासन मंत्री मप्र शासन कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता नारी शक्ति के लिए अपनी कुर्सी छोड़ता है। इस दौरान उन्होंने किसी का नाम न लेते हुए कहा कि देश में एक महिशासुर है, जो देश की शक्ति का अपमान करता है और हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नारी शक्ति की सुरक्षा के लिए अपने प्राण तक देने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक ही संकल्प है-सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास। कांग्रेस जातिगत जनगणना के आधार पर वोट मांग रही है, इस प्रकार कांग्रेस देश को बांटना चाहती है। प्रधानमंत्री श्री मोदी कहते है कि मेरी चार जाति है, जिनमें एक किसान, दूसरी महिला, तीसरी युवा और चौथी गरीब। किसान, महिला शक्ति, युवाओं को सशक्त करने के साथ ही गरीब की गरीबी दूर करना है, जिससे हमारा भारत विश्वगुरू बन जाएगा।

श्री विजयवर्गीय ने कहा कि एनडीए गठबंधन सनातन धर्म को कैंसर बता रही है। कांग्रेस विभाजन करने वाली पार्टी है, देश में दो प्रकार विचारधारा है- एक देश को मजबूत करने वाली और दूसरी कमजोर करने वाली है। भाजपा देश को मजबूत कर रही है, वहीं कांग्रेस देश को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। लेकिन देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इनके मंसूबे को कभी पूरा नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि कश्मीर में धारा 370 हटाकर वहां अमन चैन से लोग रह रहे हैं। श्री विजयवर्गीय ने कमलनाथ और दिग्विजय सिंह पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे पूछते थे राम मंदिर कब बनेगा, लेकिन अब मंदिर भी बना प्राण प्रतिष्ठा भी हुई और कांग्रेस के बड़े नेताओं को जब भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया तो उन्होने निमंत्रण ठुकरा दिया। छिंदवाड़ा लोकसभा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में छिंदवाड़ा की सेवा करना चाहता हूं। आपका आर्शिवाद हमेशा बनाए रखे। 44 साल से प्रवासी ने यहां राज किया और प्रवासी पक्षियां की तरह आए और चले गए। आज छिंदवाड़ा जिले का विकास काफी पीछे है। कमलनाथ सरकार में महापुरुषों की प्रतिमाओं को तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन हमारी भाजपा सरकार ने उन प्रतिमा को पुनः स्थापित किया। सौंसर विधानसभा में भव्य रूप में श्री हनुमान लोक बन रहा है।

महिला प्रसाधन गेट पर छपा पुरुष का फोटो कर रहा है महिलाओं को भ्रमित

# सार्वजनिक शौचालय में गंदगी का आलम, प्रवेश करना दुश्वार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया**

तामिया पर्यटन, स्थल के साथ तहसील मुख्यालय होने के कारण यहां पर ग्रामीण क्षेत्रों से अपने शासकीय कार्य एवं जरूरत की सामग्री खरीदने वाले लोगों का तामिया आना प्रतिदिन लगा रहता है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों से महिलाओं सहित सैकड़ो ग्रामीण प्रतिदिन तामिया बाजार में आते हैं । यहीं पर बस स्टैंड भी हैं। यहां पर छिंदवाड़ा से पिपरिया के बीच चलने वाली सभी बसें बहुत देर तक यहां पर रूकती हैं। क्योंकि उपयुक्त स्थान एवं शौचालय जैसी व्यवस्थाएं बसो की सवारीयो के लिए है। लेकिन तामिया का यही सार्वजनिक शौचालय जो गंदगी एवं अवस्थाओं के कारण इसमें गंदगी एकत्रित होने की वजह से ईसमें प्रवेश करना मुश्किल काम है। और अब चूकीं लोगों को शौचालय एवं पेशाब करने की




मजबूरी जो है । मजबूरी में उन्हें इसका इस्तेमाल करना पड़ता है। लेकिन इसी शौचालय में स्वच्छता का एक संदेश लिखा है। जिसके ऊपर महिला प्रसाधन भी लिखा हुआ है। जिसका उद्देश्य यह महिलाओं के लिए प्रसाधन स्थान है। लेकिन पंचायत गफलत में यह भूल बैठी। और उसने स्वच्छता का संदेश देने वाला स्लोगन को महिला प्रसाधन के नीचे पुरुष का फोटो बनवा डाला। जबकि वहां पर महिला का फोटो स्वच्छता नियम के तहत बनाया जाना था। क्योंकि । ग्रामीण क्षेत्रों से अनपढ़ महिला भी आती है। और महिला प्रसाधन के नीचे पुरुष के बने हुए फोटो से भ्रमित होकर पुरुष प्रसाधन में प्रवेश कर जाती हैं। जो अनपढ़ महिला शर्मिंदगी के कारण शौचालय में घुसने के कारण महिला प्रसाधन की ओर ध्यान ना जाकर पुरुष के चित्र पर ध्यान चला जाता है। तामिया पंचायत के सचिव की इस छोटी सी गलती का खामियांजा कई बार गफलत में महिलाओं को पुरुष प्रसाधन में प्रवेश कर भुगतना पड़ रहा है। यह तामिया मुख्यालय ग्राम पंचायत की लापरवाही की श्रेणी मेंआता हैं।

## मुत्यूभोज ना करने का लिया साहसिक निर्णय

**सौंसर।** समाज में फैली हुई कुर्तियां को समाप्त करने के लिए धनोज कुनबी समाज संगठन की ओर से कार्य किया जा रहा है।धनोज कुनबी समाज संगठन सौसर मध्यप्रदेश के पुर्व अध्यक्ष एवं संघटन संरक्षक मेघराज जोगी इनकी पत्नी लताबाई उर्फ बेबी बाई जोगी निवासी सौसर का देहांत 17 मार्च को हुआ था।इस दौरान अंतिम यात्रा में सामाजिक, राजनीतिक संगठन के लोग भारी संख्या में उपस्थित थे। अंतिम यात्रा के दौरान श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मेघराज जोगी व्दारा मुत्यूभोज (तेरहवीं) ना करने का साहसिक निर्णय लिया गया। समाज के द्वारा इस निर्णय की प्रशंशा की जा रही है। जिसका समाज संगठन सौसर व्दारा अनुमोदन किया गया और धनोज कुनबी समाज संगठन सौसर अध्यक्ष युवराज वासाडे के व्दारा शोक सभा में श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मुत्यूभोज ना करने के निर्णय कि तारिफ की गई है। इस निर्णय से सामाजिक रुढ़िवादी, कुरीतियों के उन्मूलन, पाखंड, आडंबर, अंधविश्वास में समाज के जनमानस कि सोच परिवर्तन का प्रवाह होंगा।

## एसएसटी वैरियर सिंगोड़ी में तैनात टीम कर रही वाहनों की बारीकी से जांच



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी**

लोक सभा चुनाव के दौरान सख्ती से सीमाओं के चेक पाइन्ट में आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराएं जाने सभी निगरानी दलो को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने पिछले दिनों दिये थे निर्देश। अमरवाड़ा विधान सभा एवं थाना अमरवाड़ा की सीमा सिंगोड़ी चौकी क्षेत्र पेंच नदी पुल से सुरु होती है और यही आगे सिंगोड़ी में एसएसटी चैक पाईन्ट वैरियर बनाया गया है। जहां पर छिंदवाड़ा की तरफ से आने वाले समस्त वाहनों की उपस्थित दल के अधिकारियों के द्वारा सघन जांच की जा रही है और वीडियो ग्राफी भी की जा रही है।उपस्थि अधिकारियों ने बताया की जांच के दौरान यदि 50 हजार या उससे अधिक का कैश बिना किसी वैलिड दस्तावेज के पाया जाता है तो जप्ती की कार्यवाही की जाएगी । 10 हजार रूपए से ज्यादा की प्रचार-प्रसार सामग्री बिना दस्तावेज के पाए जाने पर भी जप्ती की कार्यवाही की जाना है। 10 लाख या उससे अधिक का कैश पाए जाने पर जप्ती की कार्यवाही करने के साथ ही इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को भी सूचना दी जाएगी।

## मधुमक्खी पालकों को ग्रीष्म कालीन फसल मूंग और उड़द के बीजों का वितरण



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव**

यूटीएमटी संस्था के द्वारा ग्रीष्म काल में किसानों की खेती प्रोत्साहन हेतु उन्नत किस्म के मूंग और उड़द के बीच वितरण किया गया ।जिसमें 70 किसानों को कुल 146 किलो बिज वितरित किया गया ।अंडर द मैंगो ट्री सोसाइटी के द्वारा जुन्नारदेव विकासखंड में मधुमक्खी पालन कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा। जिसके माध्यम से किसानों को मधुमक्खी पालन सिखाया जा रहा हैं ।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देशी मधुमक्खियों का संरक्षण एवं संवर्धन के साथ मध्यमवर्गीय किसानो की आजीविका उपार्जन में वृद्धि करना है। संस्था के द्वारा दो प्रकार की मधुमक्खियों को पालना सिखाया जा रहा है (सतपुडी और कोथी)।इसी तारतम्य में यूटीएमटी संस्था के द्वारा ग्रीष्म काल में किसानों के खेती प्रोत्साहन हेतु उन्नत किस्म के मूंग और उड़द के बीच वितरण किए गए है।जिसमें 70 किसानों को कुल 146 किलो बिज वितरित किया गया ( 73-73 किलो मूंग और उड़द) बीजों को किस तरह लगाना है ।कितनी दूरी पर लगाना है यहां भी किसानों को बैठक में बताया गया। संस्था के द्वारा बीज वितरण करने का मुख्य उद्देश्य ग्रीष्म काल में मधुमक्खियों को रस एवं पारग उपलब्ध होगा । जिससे पारागीकरण की प्रक्रिया होगी जिसके परिणाम स्वरुप किसानों को अच्छा उत्पादन भी प्राप्त होगा।साथ ही किसानों को ग्रीष्म काल (हनी फ्लो सत्र ) में मधुमक्खी के बॉक्स के प्रबंधन का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।



## मोहोड़ ने बढ़ाया क्रिकेट खिलाड़ियों का मनोबल

**सौंसर।** रविवार को ग्राम दुधालाकला में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट शुभारंभ हुआ।क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहोड ने पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।खेल प्रतिभाओं को बेहतर मंच मिल सके इस उद्देश्य को लेकर दुधालाकला प्रतिवर्ष क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है रिबन काटकर क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। आयोजन को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहड़ ने कहा ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले ऐसी खेल प्रतियोगिता के कारण खिलाड़ियों के मन में उत्साह का संचार होता है। शिक्षा के साथ-साथ बच्चों एवं युवाओं ने खेल में भी भाग लेकर अच्छी मेहनत करने पर उनका भविष्य उज्जवल हो सकता है। देश के विभिन्न खेलों में कई खिलाड़ी ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर ही प्रदेश देश और विश्व स्तर पर भारत और अपने गांव का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों ने खेल भावना का परिचय देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करना चाहिए।आयोजन के दौरान श्री मोहड़ के द्वारा हाथों में बल्ला लेकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन भी किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भुते, आदिवासी नेता मोरेश्वर मसकोले,प्रीतम राऊत, विवेक गायकवाड़, खेमराज सोनेकर, अनिल शिंदे बंटी अंबरते दिगाबर बागड़े आदि थे।

## रिधोरा में जनजागृति शिविर में बताया मतदान का महत्व

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर**

बुद्ध धम्म प्रचार समिति काजलवानी की ओर से जनजागृति शिविर का आयोजन रिधोरा में किया गया। जन जागृति शिविर का शुभारंभ तथागत भगवान गौतम बुद्ध महात्मा ज्योतिबा फुले संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के प्रतिमा पर अभिवादन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। जनजागृति शिविर में वोट का अधिकार उसकी कीमत और उसका इस्तेमाल इस विषय पर वक्ता एड,जे एल पदमाकर, भारतीय संविधान की वर्तमान स्थिति हर्देश सोमकुंवर, जनता की समस्या एवं उनका निदान इस विषय पर डॉ रमेश शंभरकर आदि के द्वारा अपने विचार रखते हुए कहा कि हमें कई परेशानी मुसीबत का सामना करते हुए संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के द्वारा अनुसूचित जाति जनजाति आदि समाज के लोगों के लिए मतदान का अधिकार दिलाया है। मतदान के माध्यम से हम समाज देश एवं क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करने के लिए जनप्रतिनिधि का चयन करते हैं।



वर्तमान परिवेश में संविधान को समाप्त करने की कुछ चिन्हित लोगों के द्वारा कोशिश की जा रही है।जबकि भारतीय संविधान का निर्माण क्षमता स्वतंत्रता न्याय बंधुत्वता के आधार पर किया गया है। संविधान को समाप्त करने या फिर बदलने वाले लोगों एवं पार्टियों से हमने सावधान रहना चाहिए। साथ ही संविधान के अनुरूप चलने वाले पार्टियों को ही हमने सहयोग करना चाहिए। सभी लोगों ने सारे काम छोड़कर सबसे पहले मतदान करना चाहिए आयोजन में बुद्ध धम्म प्रचार समिति प्रमुख केशवराव सोमकुंवर अध्यक्ष डॉ वाय एल ठवरे, मुरलीधरजी कामले मोरेश्वर रंगारे, श्रीमती लताबाई नागदवने के अलावा बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित थे।

## कोहका से अज्ञात चोर ने घर के भीतर से चुराई बाइक

**कटंगी।** कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम कोहका से कमलेश बिसेन के निवास से अज्ञात चोर ने बाइक चोरी की वारदात को अंजाम दिया है. घटना बुधवार की देर रात की है. गुरुवार की सुबह वाहन मालिक ने कटंगी थाना पहुंचकर चोरी की लिखित शिकायत दर्ज करवाई है. वाहन मालिक कमलेश बिसेन ने बताया कि रात्रि में उनके पड़ोस में नीलमचंद राहंगडाले के यहां सिंगोड़ी से बारात आई थी. बहुत से बारातियों ने उनके घर के आंगन में ही अपने दोपहिया वाहन खड़े किए थे. रात्रि करीब साढ़े 11 बजे के बाद उनके घर के बरामदे में रखी स्पलेंडर वाहन क्रमांक एमएच 31 बीई 7866 वाहन चोरी हो गया है. वाहन मालिक ने रात्रि में ही डॉयल 100 को सूचना दी. वहीं सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन भूलवश कोई वाहन लेकर गया होगा यह कहते सुबह तक इंतजार करने के लिए कहा परंतु आज जब 11 बजे के बाद भी वाहन को कोई पता नहीं चला तो वाहन मालिक ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई है।

बिना निविदा विशाल सीमेंट भंडार से पंचायतो में क्रय हो रही सामग्री

# बालाघाट जनपद पंचायत की पंचायतों में लग रहे फर्जी बिल, बिलों की हो जांच

### फर्जी फर्मों के जरिए हो रहे भुगतान जानकारी के बाद भी अधिकारी नहीं करते कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

शासकीय राशि के दुरुपयोग को रोकने के लिए प्रशासन ने भले ही नई गाइडलाइन एपीओ के जरियें भुगतान को तय कर दिया हो। मगर जनपद पंचायत बालाघाट के नुमाइदों ने सारी गाइडलाइन को ठेंगा दिखाते हुए प्रशासन की मंशा पर पानी फेर दिया । बता दे कि बालाघाट जनपद पंचायत के अंर्तगत आने वाले ग्राम पंचायतो में गत कई वर्षो से बिना निविदा के फर्जी बिल विशाल सीमेंट भंडार के नाम से आहरित किया गया है जो जांच का विषय है। विशाल सीमेंट भंडार ग्राम कोसमी में स्थिति है इस दुकान के नाम से अधिकांश बिल पंचायतो में लगाए गये है सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार ऐसी कई पंचायतो में सामग्री भी नही दिया गया है बिना सामग्री दिए ही बिल विशाल सीमेंट भंडार के नाम से निकाला गया है। गौरतलब है कि शासकीय राशि पंचायतीराज संचालनालय भोपाल द्वारा ग्राम पंचायत के विकास के लिए पंचायतों के खातों में प्रथक-प्रथक रूप से आती है। जिससे पंचायतें गांव के विकास, निर्माण कार्य व अन्य वित्तीय खर्चों को पूरा करती है। इसके भुगतान के लिऐ बिल-बाउचर संलग्न करते है । साथ ही सरपंच, सचिव, रोजगारसहायक के मोबाइल पर सहमति के बाद ही भुगतान होता है।







**केवल राशि निकालने के लिए करते हैं फर्मों का उपयोग:** बालाघाट जनपद पंचायत के ग्राम कोसमी में विशाल सिमेंट भंडार स्थिति है जिसमे इस जनपद के अर्तगत अधिकांश पंचायतो में फर्जी बिल लगे है कई पंचायत में सामग्री का क्रय नही किया जाता है और उन पंचायतो में लाखो रूपए भुगतान विशाल सिमेंट भंडार के नाम से निकाले जा रहे है। जिन पंचायतो में विशाल सीमेंट भंडार के बिल लगे है। जो गंभीर जांच का विषय है।जनपद पंचायत बालाघाट में शासकीय राशि को कैसे पंचायत कर्मी हड़प सके इसके लिए फर्जी फर्मों के नाम पर रजिस्ट्रेशन कराकर एंव कुछ चिहिन्त फर्मो का बिल बार -बार लगाकर शासकीय राशि आहरित कर अफरा तफरी की जा रही है। कई बिल पर फर्जी फार्मों का जीएसटी सहित अन्य खर्चे दिए गए। जिससे उन्होंने अपनी फर्मों के बिल बनाकर उन्हें दिए। हकीकत में ये फर्में जमीनी स्तर पर है ही नहीं। इसलिए इन्हें सिर्फ पंचायतों ने अपनी राशि आहरित करने के लिए इस्तेमाल करती हैं।

**टाकबर्रा पंचायत आवलाझरी सांई ट्रेडर्स से कर रही खरीदी:** बता दे कि टाकाबर्रा पंचायत लामता से पांच किमी है एंव लामता तहसील क्षेत्र है और यह दैनिक जीवन में उपयोग आने वाली हर चीजो से लेकर भवन निर्माण की सामग्री भी यहां आसानी से उपलब्ध हो जाती है इसके बावजूद टाकाबर्रा पंचायत मिलीभगत कर सांई टेडर्स आवलाझरी से खरीदी करने कई सवालो को जन्म दे रहा है। अगर बालाघाट जनपद पंचायत के सीईओ इन बिलो के संबध में सूक्ष्मता से जांच करे तो ऐसे अनेकों फर्जी बिलों का खुलासा हो जायेगा। जिससे पंचायतो के भ्रष्टाचारा उजागर हो पाएगा।

**विशाल सिमेंट भंडार के बिलो की भी हो जांच:** विशाल सिमेंट भंडार द्वारा 16.5.2022 सरपंच ग्राम पंचायत टाकाबर्रा के नाम से 20100 रूपये का एक सामग्री के नाम का बिल निकला है इस बिल में दिलचस्प बात है कि इसमें रेत 1000 रूपये प्रति ट्राली से कुल 7 ट्राली के 7000 रूपये का भुगतान किया गया है जबकि टाकाबर्रा पंचायत लगभग कोसमी से 60 किमी है एंव रेत रायल्टी कहा है चांगोटोला से घुनाड़ी की 5 किमी दूरी है चांगोटोला का दुकानदार से 1500 रूपये प्रति ट्राली के हिसाब से रेत का विक्रय कर रहा है। ऐसे में घुनाडी पंचायत को भी यह देखना चाहिए की विशाल सिमेंट भंडार 60 किमी दूरी से टाकबर्रा तक एक हजार रूपये में रेत पहुंचा कर दे रहे है जबकि टाकाबर्रा से घुनाड़ी की दूरी लगभग से 6 से 7 किमी दूरी है। इससये यह समझा जा सकता है कि हर पंचायत के दुकानदार से मिलीभगत है। इससे यह सदेह है कि यह पूरा बिल फजी है एंव फर्जी बिल लगाकर शासकीय राशि का आहरण किया गया है।इसी तरह के दर्जनों बिल पर पंचायतों द्वारा लाखों के भुगतान किए जा रहे हैं। जबकि हकीकत में ये सारे बिल सिर्फ मनगढंत हैं। ये फर्म भी कागजों में चल रही हैं। जनपद पंचायत बालाघाट की अधिकतर पंचायतों में इसी तरह की फर्जी फर्मो के जरिए सरपंच-सचिव और रोजगार सहायकों ने लाखों के भुगतान किए हैं। जिसमें रेत, मुरम, पत्थर, सीमेंट, सरिया के नाम पर लाखों के भुगतान किए गए।

## रामपायली में सीआरपीएफ ने किया मार्च पास्ट

### नागरिकों को दिया निर्भीक होकर मतदान करने का संदेश

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर निर्वाचन आयोग के आदेश अनुसार जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में रामपायली पुलिस ने कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए सीआरपीएफ बल के साथ मिलकर नगर का भ्रमण किया। जिसमें संदेश दिया गया कि सभी निर्भीक होकर मतदान करें और शांति व्यवस्था बनाये रखे। पुलिस थाना रामपायली से पुलिस एवं सीआरपीएफ के जवानों का एक दल मार्च पास्ट करते हुए निकला, तो बस स्टैंड में युवाजनों ने आतिशबाजी कर फूलों से उनका सत्कार किया और भारत माता के जयकार के नारे लगाए गए। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के मंदिर तक यह मार्च पास्ट गस्त करता हुआ पहुंचा। जहां श्रीराम बालाजी को सलामी देकर नगर के अन्य क्षेत्र की ओर कूच कर गया। इसी तरह अनेक ग्रामों का भ्रमण पुलिस बल द्वारा लगातार किया जा रहा हैं। जिससे नगर एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी



रहे और लोग निर्भीक होकर अपना मतदान कर सके। इस परिप्रेक्ष्य में थाना प्रभारी चंद्रजीत यादव ने बताया कि निष्पक्ष मतदान और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सीआरपीएफ की कंपनी नगर थाना में तैनात की गई हैं। जो संपूर्ण क्षेत्र का भ्रमण करेंगे और संदेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शांति व्यवस्था कानून का पालन निष्पक्ष चुनाव संपन्न करने के लिए यह कार्य किया जा रहा है।

## शिक्षा विभाग शोक में डूबा : सड़क हादसे में घायल सहायक संचालक की हुई मौत

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।**

बुधवार की देर शाम कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम आगरी में पेट्रोप पंप के पास हुए सड़क हादसे में गंभीर रुप से घायल हुए सहायक संचालक शिक्षा विभाग की उपचार के लिए ले जाते वक्त रास्ते में मौत हो गई. उनकी मौत पर शिक्षा क्षेत्र से जुड़े तमाम शिक्षक-शिक्षिकाओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है. मिली जानकारी अनुसार कटंगी क्षेत्र के ग्राम कोड़मी निवासी रायसिंह मर्सकोले वारासिवनी में बतौर सहायक संचालक के पद पर पदस्थ थे. बुधवार की देर शाम वह वापस अपने गृहग्राम कोड़मी की तरफ लौट रहे थे. इस दौरान आगरी में सड़क हादसे का शिकार हो गए. बताया जाता है कि उन्होनें सड़क पर चल पैदल चल रहे सुंदर निवासी युवक निशांत गजभिए को टक्कर मार दी. जिससे निशांत गजभिए के



पैर में गंभीर चोट आई. हालांकि यह सड़क हादसा कैसे हुआ है इस बारे में कुछ भी स्पष्ट नहीं हो पा रहा है. सड़क हादसे के बाद घायलों को उपचार के लिए कटंगी अस्पताल लाया गया था यहां से रात्रि में रायसिंह मर्सकोले को गंभीर हालत में रेफर किया गया था लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई. गुरुवार की सुबह सरकारी अस्पताल कटंगी में शव का पीएम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है. वहीं पुलिस सड़क हादसा कैसा हुआ इसकी जांच में जुट गई है।

### अतिरिक्त काम के दबाव से जूझ रहा शिक्षा विभाग

सहायक संचालक शिक्षा विभाग की मौत के बाद एक चर्चा खूब जोरों से हो रही है. यह चर्चा है शैक्षणिक कार्य के अलावा अतिरिक्त काम के दबाव की. शिक्षा विभाग ने इस सड़क हादसे के पीछे की एक वजह वरिष्ट अधिकारियों द्वारा काम को लेकर दिए जाने वाले मानसिक दबाव को भी बताया है. चर्चा है कि शिक्षकों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आए दिन तरह-तरह के कार्य सौंपे जा रहे है और इन कार्यों को समय-सीमा में पूरा करने का दबाव भी बनाया जा रहा है और काम समय पर पूरा नहीं करने पर कार्रवाई भी की जा रही है. शिक्षा विभाग में शिक्षकों के पास शैक्षणिक कार्य के अलावा मध्याह्न भोजन, बीएलओ के कार्य की जिम्मेदारी दी जाती है इसके अलावा कई तरह के सर्वे में भी इनकी ड्यूटी लगा दी जाती है और इसमें किसी भी प्रकार की गलती ना हो इसी का दबाव बना रहता है. इस तरह जब शिक्षकों की डॅयूटी लगाई जाती है तो उन्हें प्रशिक्षण भी दिया जाता है और शिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए स्कूल छोड़कर मुख्यालय आना पड़ता है कई बार इन प्रशिक्षण के दौरान ही वह मानसिक दबाव में आना-जाना करते है और सड़क हादसे का शिकार होते है।

## छत्तीसगढ़ से आने वाले वाहनों की पुलिस कर रही सघन जांच



### सीमा क्षेत्रों में चैक प्वाइंट बनाकर पुलिस ने बढ़ाई सीमा क्षेत्र में चौकसी

**हरिभूमि न्यूज लांजी।**

जिले में लोकसभा निर्वाचन-2024 की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। आगामी 19 अप्रैल को बालाघाट में लोकसभा चुनाव संपन्न होने है ऐसे मे जिले की समस्त सीमा क्षेत्रों मे पुलिस द्वारा चेक प्वाईंट बनाकर जांच की जाती है। इसी कड़ी में 21 मार्च को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में लांजी एसडीओपी सतेन्द्र घनघोरिया के दिशा निर्देश में बहेला टीआई मदन इवने द्वारा ग्राम रिसेवाड़ा के टिमकीटोला चैक प्वाइंट पर छत्तीसगढ से आने जाने वाले वाहनों की सघन जांच की गई। तथा नियम विरूद्ध वाहन चलाने वाले यातायात नियमों का पालन नही करने वाले, बगैर सीट बेल्ट, हेलमेट के वाहन चलाने वालो के विरूद्ध चालानी कार्यवाही भी की गई। वहीं सभी वाहन चालकों को समझाइश भी दी गई कि भविष्य में सभी वाहन चालक एवं वाहन पर सवार व्यक्ति को अनिवार्यतः हेलमेट पहनना होगा। अपने गाडिय़ों के समस्त दस्तावेज अपडेट रखना होगा। इस दौरान बहेला थाना से पुलिसकर्मी भी टीआई मदन इवने के साथ मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

## वर्तमान समय हम स्वयं की उन्नति पर ध्यान दें -ब्रह्माकुमारी

हरिभूमि न्यूज सिवनी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व- विद्यालय सिवनी के द्वारा साकार सिटी शिव मंदिर के सामने, क्लबहाउस के गार्डन में रुद्र गीता ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसके अंतिम दिवस पर योग शक्ति गीता दीदी जी ने ज्ञान यज्ञ का सही अर्थ बताते हुए कहा कि यदि ग्रहस्थ में रहते हुए अपनी कमियों, कमजोरीयों जैसे ईर्ष्या, द्वेष, नफरत ,घृणा,बैर को अपने जीवन से निकाल ,सर्व मानव मात्र के प्रति शुभभावना और शुभकामना रखने की प्रतिज्ञा कर , इसका दृढ़ता से पालन करें, तो गृहस्थ जीवन सुख शांति से भरपूर रहेगा। ब्रह्मा कुमारीज की जिला प्रभारी आदरणीय ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी जी ने समय की नाजुकता का एहसास कराते हुए कहां वर्तमान समय हम स्वयं की उन्नति पर ध्यान दें ,परदर्शन और परचिंतन मे अपना समय व्यर्थ ना गवाएं। द्वारका नगर के पार्षद चंदन खताबिया जी ने ज्ञान यज्ञ को सुनकर इस यज्ञ की बहुत सराहना की । इस कार्यक्रम का लाभ शहर के सैकड़ो लोगों ने लिया और सभी ने यज्ञ के सही अर्थ को समझा और मन में भरी हुई भ्रांतियां से निजात पाया।

# अवैध रूप से स्मैक बेचने वाले दीपक, राहुल को पुलिस ने पकड़ा

**जिसमें दो व्यक्ति सामने की सीट पर बैठे पाये गये, जिनसे नाम पता पूछने पर अपना नाम राहुल बघेल पिता कन्हैयालाल बघेल निवासी बारापत्थर हाउसिंग बोर्ड कालोनी, मरहाई मातामंदिर के पास सिवनी एवं दीपक बघेल पिता कृष्णाकुमार बघेल निवासी भैरोगंज परतापुर रोड निशा, किराना दुकान के पास सिवनी बताया।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिले में सफेद पाउडर स्मैक के नशे पर अंकुश लगाने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी.पी. शर्मा, सुश्री पूजा पाण्डे अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोतवाली के कुशल नेतृत्व में थाना प्रभारी कोतवाली सतीश तिवारी एवं पुलिस स्टाफ द्वारा अवैध रूप से मादक पदार्थ (स्मैक) को वैचने वालो की धरपकड के लिए कोतवाली पुलिस लगातार सक्रिय थी, जिसमें कोतवाली पुलिस में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस टीम गठित कर स्मैक पाउडर आरोपियो को गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की। दिनांक-19/03/2024 के शाम करीब 07 बजे विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि डालडा फैक्ट्री के सामने बारापत्थर क्षेत्र सिवनी में खुले मैदान में एक सफेद रंग की हुन्डई इओन कार खडी है जिसमें दो व्यक्ति बैठे है जो अवैध मादक पदार्थ स्मैक एक प्लास्टिक की डिब्बी में छोटी पन्नी पैकेट में वैचने की फिराक में रखे है जिन्हें मुखबिर सूचना पर तत्काल कार को घेराबंदी कर पकडा गया

कार की तथा दीपक एवं राहुल की तलाशी लेने पर दीपक बघेल के जीन्स पेन्ट के दाहिने जेब में एक प्लास्टिक की जिब्बी में पारदर्शी पन्नी में भूरे रंग का पदार्थ, जीन्स पेन्ट के बाये जेब से एक बीबो कम्पनी का एड्रायड मोबाईल तथा राहुल बघेल की तलाशी लेने पर लोवर की जेब में एक सेमसंग कम्पनी का मोबाईल फोन समक्ष गवाहान कब्जा पुलिस लिया गया। दीपक बघेल के कब्जे से बरामद मादक पदार्थ की पहचान किसी प्रकार की गंध न होकर चखकर देखा उसमें कडवा स्वाद



आया जुवान पर शून्य पन्न होना पाया गया पूर्व अनुभव के आधार पर स्मैक पाउडर मादक पदार्थ होने की पुष्टि हुई। आरोपीगणों एवं बरामद माल को समक्ष गवाहान कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी राहुल बघेल एवं दीपक बघेल से एवैध मादक पदार्थ स्मैक रखने एवं वैचने के संबन्ध में पूछने पर दोमो के द्वारा नागपुर बर्डी बाजार से किसी अज्ञात व्यक्ति से दोनो दोनो के द्वारा अवैध धन अर्जित करने बैचने के लिए खरीदना बताये। उक्त दोनो आरोपियो का कृत्य धारा-8/22 एन.डी.पी.एस. एक्ट का होने से अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। गिरफ्तार आरोपी- 1- राहुल बघेल पिता कन्हैयालाल बघेल निवासी बारापत्थर हाउसिंग बोर्ड कालोनी, मरहाई मातामंदिर के पास सिवनी, थाना कोतवाली जिला सिवनी । 2- दीपक बघेल पिता कृष्णकुमार बघेल निवासी भैरोगंज परतापुर रोड निशा, किराना दुकान के पास सिवनी, थाना कोतवाली जिला सिवनी। बरामद सम्पत्ति- 1- स्मैक पाउडर (मादक पदार्थ) 06 ग्राम कीमती-18000/- रूपये । 2- एन्ड्रायड मोबाईल फोन कीमती 22000/- रूपये । 3- 01 हुन्डई इयोन कार कीमती-300000/- रूपये । सराहनीय कार्य थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश तिवारी, कार्यवाहक सउनि. संजय यादव, संतोष बेन, प्र. आर. रामअवतार, आर अमित रघुवंशी, आर. नीतेश राजपूत, आर. प्रतीक, आर. महेन्द्र, म. आर. फरीन खान, आर.- चालक इरफान एवं चीता स्टाफ की महत्व पूर्ण सराहनीय भूमिका रही है।

## शादी से लौटते समय सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत, एक घायल

**परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

केवलारी थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव डोकररांझी निवासी दो युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई व एक अन्य घायल बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव डोकररांझी निवासी 18 से 20 वर्ष की आयु के तीन युवक एक बाइक में सवार होकर पलारी तिग्गड़ा धानागाढ़ा के बीच स्थित गांव झगरा एक वैवाहिक कार्यक्रम में गए हुए थे। शादी कार्यक्रम से जब तीनों युवक सुमित पिता किशन बरकड़े, राजाराम पिता हरिकृष्ण साहू व अखिलेश पिता सुक्कू मरकाम रात्रि लगभग 11:30 बजे वापस अपने गांव डोकररांझी लौट रहे थे तभी केवलारी से सिवनी जा रही पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 20 जीए 2294 के चालक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस सड़क दुर्घटना में सुमित व राजाराम की घटना स्थल पर ही मौत हो गई तथा अखिलेश घायल हो गया। बुधवार को शव का पंचनामा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया जहां दोनों का अंतिम संस्कार डोकररांझी में किया गया। डोकररांझी निवासी किशन बरकड़े का एकलौता पुत्र सुमित बरकड़े व हरि कृष्णा साहू का पुत्र राजाराम साहू के निधन पर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है वही गांव के निवासी भी दुःखी है।

## वाहन की टक्कर से तेंदुआ घायल

**जिले के खवासा वन परिक्षेत्र अंतर्गत नागपुर में गंडाटोला के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक तेंदुआ घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए खवासा ले जाया गया। जहां उसका इलाज किया जा रहा है। घटना कल देर रात्रि की बताई जा रही है। जिसका एक वीडियो भी सामने आया है जिसमे तेंदुआ लड़खड़ाते हुए नजर आ रहा है।**



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

वन परिक्षेत्र अधिकारी आशीष पांडे का कहना है की तेंदुए को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। घटना की वन अमला जांच कर रहा है और टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। दर यानी रात लगभग 11.30 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 में एक अज्ञात वाहन ने रोड पार कर रहे तेंदुआ को जोरदार टक्कर मार दी जिससे तेंदुआ बूरी तरह से घायल हो गया। घटना की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा वन विभाग को दी गई, जिस पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम के द्वारा तेंदुआ को उपचार हेतु वन स्टाफ सेंटर खवासा भेजा गया है। जहां उपचार जारी है।

## विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात किया



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

गुरुवार को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात किया।आज विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम टांडे एवं गोरखपुर मे पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात किया। इसके पश्चात श्री राय ग्राम अटामा पहुंचकर श्री बिहारी साहू जी के यहां पर तेरहवीं कार्यक्रम मे शामिल होकर सभी से साथ पंगत मे भोजन प्रसाद गृहण किया। तथा दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित

## वीरांगना रानी अवंती बाई की मनाई गई पुण्य तिथि

हरिभूमि न्यूज सिवनी।20 मार्च को नगर के चांदनी चौक में स्थापित अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई की मूर्ति की पूजा मल्यार्पण कर पुण्यतिथि मनाई गई। लोधी वंश की महारानी रानी अवंती बाई की प्रतिमा का वर्ष 2023 में चांदनी चौक में स्थापित कर अवंती बाई चौक नामकरण किया गया था। रानी की मुर्ति पर देवी सिंह बघेल बीजेपी नेता, रमाशंकर महोबिया, सुधीर पांडेय नस्सू खान मध्यप्रदेश बैनगंगा प्रेस संगठन ,दारा सिंह जंघेला, मुरली जंघेला ,गोलू जंघेला, अज्जू जंघेला, संदीप जंघेला, आकाश जंघेला, दीपक जंघेला, देवानंद जंघेला ,पंकज जंघेला, कमल सिंह ठाकुर, दीपक अग्रवाल ने माला अर्पण का श्रद्धा सुमन अर्पित किए एवं लोधी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष नागेंद्र सिंह कटारिया के नैतृत्व मे भीम जंघेला पूर्व जनपद सदस्य, लाल सिंह जंघेला, सुरेंद्र जंघेला, संत कुमार गोमास्टा, रामशरण प्यासी महाराज, जयदीप दुबे सहित सेकडो सजातीय लोधी बंशज ने रानी के बलिदान गाथा पर प्रकाश डाला ओर बिशाल भंडारा का आयोजन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये ।

## जल के स्त्रोतों को विकसित करना एवं शुद्ध जल प्रदान करना समय की आवश्यकता-के.के चतुर्वेदी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** हिन्दू धर्म ग्रंथानुसार बिंदु सरोवर, नारायण सरोवर, पम्पा सरोवर, पुष्कर झील और मानसरोवर के जल को पवित्र माना गया है। जल की पवित्रता इस बात से भी है, कि वह अपने साथ सारे संसार की विभिन्न स्थानों पर पाई जाने वाली गंदगी को साफ कर शीलत पवित्र और ऊर्जावान बनाकर, उस स्थान को निर्मल एवं जीवनोपयोगी बना देता है।

जल का सामरिक महत्व -जल शब्द देखने सुनने में अत्यंत मधुर, सरल और सहज लगता है, जो कभी नीर बनकर आखों से टपकता है, तो कभी पसीने से हमारी स्वयं की गंदगी लिए बाहर निकलता है। वैसे तो जल के कई पर्यायवाची हिन्दी, संस्कृत, उर्दू, अरबी, अंग्रेजी आदि भाषाओं में पढ़ने को मिलते हैं परन्तु स्मरण करें, जो जल, मनुष्य, पशु, पक्षी, जीव/जन्तुओं, पौधों की भूख, प्यास के माध्यम से दूर कर सकता है उसके सामने सारे पर्यायवाची फेल हैं। समझिये यह वही जल है जो भवन की छत को लोहा कांक्रीट से मिलाए जाने के बाद भी उसकी मजबूती के लिए डाला जाता है, सोचिए कितना ताकतवर है यह जल? समझिये इसकी सोच को जब नदी/समुद्र में पैर फिसलने से गिरने पर, भी व्यक्ति को ऊपर की तरफ फेंककर हमें संभलने का एक अवसर देता है। यह महानता है उस जल की, इसलिए द्रुवतुल्य है जल। परन्तु हमने जल के सर्वांगीण विकास के लिए किया क्या? फेंकना, धोना, मिलाना, नित्यकर्म में प्रयोग करना, और नहीं मिलने पाश्विक प्रवृत्ति को अपनाने का काम किया।

भारत विश्व की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है जिसमें लगभग 140 करोड़ लोग निवास करते हैं। जिसमें जल का सर्वाधिक बड़ा स्त्रोत तालाब ;59०5ःद्ध, बांध ;15०7ःद्ध, जलाशय ;12०1ःद्ध एवं नलकूप, झीलें, कुंआ, बाबली आदि हैं, इन स्त्रोतों का सिर्फ 44०8ः स्वामित्व सार्वजनिक क्षेत्रों के पास उपलब्ध हैं।जबकि सतह में पाये जाने वाले जल के नदियां, झील, तालाब, बांध प्रमुख स्त्रोत हैं। भारत में भूजल और सतही जल ताजे पानी के प्रमुख स्त्रोत हैं। पृथ्वी के 71ः भाग पर पानी है जिसमें 97ः सरोवरों और महासागरों मे संग्रहित है जो नमकीन है और पीने योग्य नहीं है। नदियाँ एवं उन पर बने बांध पेयजल एवं सिंचाई के प्रमुख साधन हैं। जिसमें पेयजल एवं निस्तारी जल के लिए नदियों पर अत्मनिर्भरता की अनिवार्यता है।

## कॉलेज के हिंदी विभाग में हुआ विश्व कविता दिवस का आयोजन

**पीजी कॉलेज की छात्राओं ने कहा, जब तक कविताएँ रहेंगी मनुष्यता बची रहेगी**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

विश्व कविता दिवस के अवसर पर हिंदी विभाग के प्रेमचंद कक्ष में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कविताओं के योगदान और महत्व पर प्राध्यापकों ने विचार रखे और विद्यार्थियों ने भी मशहूर कविताओं का भावपूर्ण पाठ किया।

हिंदी विभाग की अध्यक्ष डॉ सविता मसीह ने बताया कि 1999 में यूनेस्को ने 21 मार्च को विश्व कविता दिवस घोषित किया। यह दिन मानव जीवन में कविता के महत्व को उजागर करता है। कहा कि कविताएँ हमारे मन को परिष्कृत करतीं हैं। कविताएँ हमारे भावों और संवेदनाओं को व्यक्त करतीं हैं।

कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग ने कहा कि कविता दुनिया की सबसे बड़ी कला है । कलाएँ मनुष्य की अभिव्यक्ति हैं। समय, श्रम और संसाधन कलाओं के परखने की कसौटियां है। कलाओं में कविता सबसे श्रेष्ठ है। कहा कि संसार के सारे महान ग्रंथ कविता में ही हैं। चिंता जताई कि कविता से प्रकृति हटती जा रही है।



कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रोफेसर सत्येन्द्र कुमार शेन्डे ने कहा कि कविता मनुष्य की सहज, सरल और शाश्वत अभिव्यक्ति है। कविताओं ने मनुष्य को मनुष्य बनाया है। कहा कि जब तक कविता रहेगी मनुष्यता बची रहेगी। कविता हमारे मन को मांजती है, पावन बनाती है। बताया कि कविता दुनिया को सुंदर बनाती है और मशाल की तरह राष्ट्र को आलोकित भी करतीं हैं। विशेष वक्ता के रूप में अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ अरविंद चौरसिया ने कहा कि साहित्य हमेशा समाज को आईना दिखाता है। समाज की सच्चाई कविताओं के माध्यम से सामने आती है। जनभागीदारी शिक्षक उमाशंकर वर्मा का सराहनीय योगदान रहा। शिक्षक अमितोष सनोडिया, छाया राय, डॉ सुनीता साकेत एल्युमनी शिव कुमार यादव ने महान कवियों की कविताओं का भावपूर्ण वाचन किया।

छात्र मयंक सेन, छात्रा रक्षा राहंगडाले तथा अंबिका मिश्रा ने भी कविताओं का सस्वर पाठ कर तालियाँ बटोरीं। कार्यक्रम में एमए हिंदी के विद्यार्थियों समेत बड़ी संख्या में स्नातक कक्षाओं के छात्र छात्राएँ तथा कॉलेज स्टाफ भी मौजूद रहे।

# जिला चिकित्सालय सिवनी की व्यवस्था लचर, मरीज को होना पड़ता है परेशान

**हैलो प्रशासन हैलो**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी ।** व्यवस्थाओं के बारे में आखिर क्यों लोग धो रहे हैं अपनी जान से हाथ कौन है इसका जिम्मेदार ऐसे कई सवालों के जवाब हरिभूमि के इस अंक में आपको मिलेगा

सिविल सर्जन की लचर प्रशासनिक व्यवस्था के कारण, जिला सिवनी की जनता की स्वास्थ्य सुविधाओं का हुआ हाल बेहाल*

विक्की सूर्यवंशी एवं प्रसूता फिजा खान के जैसे न जाने कितने मासूम मरीज का जिला अस्पताल के चिकित्सकों के लापरवाही एवं गलत इलाज के कारण काल के गाल में समा गए।

### दंत चिकित्सा विभाग

सिविल सर्जन के लापरवाही एवं लचर , पक्षपाती प्रशासनिक व्यवस्थाओं के कारण जिला चिकित्सालय में पदस्थ समस्त दंत चिकित्सा सुविधा भी जिला वासियों को 24 घंटे नहीं मिल पा रही है, क्योंकि सिविल सर्जन जिला अस्पताल के समस्त दंत चिकित्सकों को आराम देना चाहते हैं। बताया जाता है जिला अस्पताल सिवनी में 05 दंत चिकित्सक ह यदि दोपहर में या रात मे कोई दांत दर्द की समस्याओं से ग्रसित कोई मरीज जिला अस्पताल में आता है, तो उसे जिला चिकित्सालय में दंत चिकित्सक मिलेंगे ही नहीं।

सिविल सर्जन जिला सिवनी की जनता की चिकित्सीय सुविधाओं की परवाह न करते हुए, इन सभी चिकित्सा अधिकारियों की ड्यूटी सुबह की शिफ्ट में लगा देते हैं, जबकि इतनी पर्याप्त चिकित्सक होने के बावजूद भी, क्यों नहीं जिला सिवनी की जनता को 24 घंटे की दंत चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं, जिला सिवनी की जनता को मजबूरन प्राइवेट दंत चिकित्सकों के पास जाने के लिए मजबूर किया जाता है। सिविल सर्जन को इन सभी दंत चिकित्सकों की ड्यूटी तीनों शिफ्ट में लगाना चाहिए ,ताकि जिला वासियों को किसी भी प्रकार की दंत चिकित्सा से सुविधाओं से वंचित न होना पड़े।सिविल सर्जन ने अपने चहते डॉक्टर के साथ दोस्ताना व्यवहार निभाते हुए , जिला चिकित्सालय सिवनी की स्वास्थ्य सुविधाओं की दुर्दशा कर रखी है, जबकि सिविल सर्जन को इस बात की जानकारी होनी चाहिए कि अच्छा प्रशासक कभी अपने अधीनस्थ किसी कर्मचारी या अधिकारी का दोस्त नहीं होता।सिविल सर्जन की इस लेक्चर प्रशासनिक व्यवस्थाओं के कारण, जिला अस्पताल के मेडिसिन विभाग/ओटी एवं आईसीयू विभाग/ सर्जरी विभाग/ऑर्थोपेडिक विभाग/ प्रसूति विभाग/दंत चिकित्सा विभाग /शिशु विभाग की दुर्दशा देखते बनती है, जिसके परिणाम हम जिला सिवनी के तमाम अखबारों में देखते हैं।

### मेडिसीन विभाग

मेडिसिन विभाग, सिविल सर्जन की विशेष मेहरबानियां मेडिकल विशेषज्ञों के ऊपर होने के कारण से इस विभाग का समय 10 बजे के बाद शुरू होता है सुबह का, यह मेडिकल विशेषज्ञ राज दरबार में हाजिरी लगाने के बाद यहां की बैठक व्यवस्था में शामिल होते हैं, और इस बैठक व्यवस्था को जिला अस्पताल के प्रभारी अधिकारी आयोजित करते हैं, जो पूरे समय सिविल सर्जन कक्ष में बैठे रहते हैं। एवं वार्तालापा समाप्त होने के बाद, 11:00 बजे के बाद वार्डों में राउंड डालने जाते हैं, राउंड वार्ड समाप्त होने के बाद यह मेडिकल विशेषज्ञ कक्ष क्रमांक 23 जो कि सिविल सर्जन के द्वारा दिखावे मात्रा के लिए बनाई गई है, उसमें ना जाकर यह मेडिकल विशेषज्ञ सीधे पुनः राज दरबार में जाकर थोड़ी देर बैठने के बाद, अपने घर की ओर प्रस्थान कर लेते हैं, और सबसे मुख्य बात यह है सिविल सर्जन इन सब वस्तु स्तुति के लिए मेहरबानियां करते हुए मेडिकल विशेषज्ञ को जाने की अनुमति भी प्रदान कर देते हैं, और जब कोई उच्च अधिकारी इसे मेडिकल विशेषज्ञ की बारे में पूछते हैं तो वह उन्हें कॉल ड्यूटी का बहाना करके इस बात को टाल देते हैं।

बताया जाता है कि जब कोई विधायक , सांसद या मंत्री जी, कलेक्टर, राज्य या राष्ट्रीय स्तर से कोई उच्च अधिकारी आते हैं, तब सिविल सर्जन के द्वारा दिखावे मात्र के लिए अस्पताल की व्यवस्थाओं में क्षणिक समय के लिए सुधार किया जाता है, क्योंकि उनके दौरो की जानकारी इन्हें पहले से ही हो जाती है। यदि कुछ अधिकारियों के द्वारा बिना कोई अपनी शेड्यूल डेट बताएं बिना, सीधे आकस्मिक निरीक्षण जिला अस्पताल का किया जाता है तो ,निश्चित रूप से जिला अस्पताल की पोल अधिकारी एवं जनता के सामने स्पष्ट रूप से दिखाई दे दी जाएगी।




### एक्स रे विभाग

बताया जाता है कि जिला अस्पताल में लाखों की लागत से आधुनिक तकनीकी से साथ में एक्स रे मशीन एक्सरे विभाग में लगाई जाती है, शासन के द्वारा लाखों रुपए खर्च किए जाते हैं, ताकी मरीजों को उचित उपचार मिल सके और समय पर जांच हो सके, जिला अस्पताल में इस समय गोरख धंधा चरम सीमा पर हैं, ना तो समय पर मरीजों को एक्सरे रिपोर्ट समय पर मिल पाती है और ना ही कई मरीजों को तो एक्सरे फिल्म भी नहीं मिल पाती। आखिर क्यों बचाई जा रही है, एक्सरे फिल्मै। क्यों सिविल सर्जन जिला सिवनी की आम जनता को एक्सरे फिल्में उपलब्ध क्यों नहीं कर रहे हैं।

एक्सरे विभाग की ऐसे कई कर्मचारी हैं, जो मरीजों की एक्स रे तो कराते हैं और मरीजों को यह बोलते हैं कि, जाओ तुम्हारे डॉक्टर को हमने एक्सरे **whatsapp** कर दिया है , उन्हीं से बात करो ,उनसे मिलो, बेचारा मरीज के पास तो एक्सरे फिल्म ही उपलब्ध नहीं हो पाती है। इस विभाग में भी सिविल सर्जन की साफ-साफ लचर प्रशासनिक व्यवस्था साफ साफ दिखाई देती है।

### त्वचा विभाग

कहने को तो जिला अस्पताल में एक भी त्वचा रोग विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं है, फिर भी डॉक्टर जयज काकोड़िया (जिला क्षय अधिकारी) जिला चिकित्सालय में अपनी त्वचा से संबंधित चिकित्सीय सेवाएं दे रहे हैं, इनका जिला अस्पताल में चिकित्सीय सेवाओं का समय काफी कम है, अधिकतर इनका समय राष्ट्रीय प्रोग्राम में रहता है, हालांकि जिला सिवनी में क्षय रोग से संबंधित इन्होंने उत्कृष्ट कार्य किए हैं, सिवनी जिले को टीवी मुक्त करने के लिए यथासंभव प्रयास कर रहे हैं। जिला प्रशासन को जिला अस्पताल सिवनी के लिए एक त्वचा रोग विशेषज्ञ के लिए शासन स्तर से मांग करनी चाहिए, यहां पर भी सिविल सर्जन की लचर प्रशासनिक व्यवस्थाएं साफ-साफ दिखती है।

### एनेस्थीसिया विभाग

जिला चिकित्सालय सिवनी का एनेस्थीसिया विभाग हमेशा चर्चित रहा है, इस विभाग के पूर्व में दो सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय में रह चुके हैं। डॉक्टर एस एन सोनी जो की सेवानिवृत्ति हो चुके हैं, इनका भी कार्यकाल विवादित रह चुका है, गरीब मरीज जो की जिला अस्पताल में,प्रसव के लिए भरती होते थे, पैसों के लेनदेन में इनके ना जाने कितने वीडियो बने, न जाने कितनी शिकायतें लगी थी।

वर्तमान सिविल सर्जन के कार्यकाल में भी, जिला अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर में भी कई प्रसूता महिलाओं की सिजेरियन ऑपरेशन के बाद , उचित मॉनिटरिंग ना होने से मौत हो चुकी है, गंभीर मरीज जिसका ऑपरेशन किया जाता है चाहे वह प्रसूता महिला हो या मरीज सर्जरी वाला हो इन मरीजों की बारीकी से मॉनिटरिंग एनेस्थीसिया विशेषज्ञ के द्वारा ही की जाती है, जिला चिकित्सालय में पर्याप्त एनेस्थीसिया वाले डॉक्टर होने के बावजूद भी मरीजों की ठीक तरह से मॉनिटरिंग नहीं हो पा रही है, जिसका खामियाजा सिवनी की जनता को भुगतना पड़ रहा है। प्रशासनिक व्यवस्था का लचर रूप यहां पर भी देखा जा सकता है।

### नाक कान गला विभाग

वैसे तो पूर्व सिविल सर्जन डॉक्टर एम एन सूर्यवंशी ईएनटी विशेषज्ञ जिन्होंने अपनी काफी सेवाएं जरा चिकित्सालय में दी, इनका ट्रांसफर इंदौर हो गया, उसके बाद से जिला अस्पताल कुछ समय तक नाक कान गला विशेषज्ञ चिकित्सक की कमी से जुझता रहा।कुछ समय के बाद में बरघाट से डॉक्टर योगेश अग्रवाल ईएनटी विशेषज्ञ ,प्रमोशन पर जिला चिकित्सालय सिवनी में आए,और इन्होंने नाक कान गला की बीमारी से संबंधित मरीज का उपचार करना शुरू किया,कुछ हद तक जिला वासियों को ईनटी डॉक्टर की जो कमी थी, उससे राहत मिली।

**शिशु विभाग:** बार-बार शिकायतें आने से, कलेक्टर के जिला अस्पताल में बार-बार दौरे लगने से , जिला अस्पताल के शिशु विभाग में कुछ सुधार देखने को तो मिला है, फिर भी यह संतोषजनक नहीं है, आज भी देखा जाए तो दोपहर की एवं रात्रि ड्यूटी में चिकित्सक कई बार गायब रहते हैं, बच्चों के परिजनों को भी यहां पर बच्चों के उपचार के लिए परेशान एवं भटकना पड़ता है। शिशु विभाग को चलाएमन रखने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से एवं शासन स्तर से चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है, परंतु इन सभी शिशु रोग विशेषज्ञ एवं चिकित्सा अधिकारी का चिकित्सीय कार्य संतोषजनक नहीं है।

शिशु विभाग के आईसीयू के डॉक्टरों की ड्यूटी आकस्मिक चिकित्सा में लगाए जाने से इन वार्डो की ड्यूटी भी प्रभावित हो रही है, शासन स्तर से न जाने कितने पत्राचार किए गए हैं साथ ही कलेक्टर के द्वारा भी बोला गया है बच्चों के आईसीयू वार्ड के डॉक्टरों की ड्यूटी आकस्मिक चिकित्सा में ना लगे परंतु सिविल सर्जन के द्वारा शासन के आदेशों की अवहेलना करते हुए इन डॉक्टरों को आकस्मिक चिकित्सा में लगाए रखा । शासन को गुमराह करते हुए सिविल सर्जन के द्वारा जिला अस्पताल में चिकित्सकों की कमी का हवाला देते हुए शिशु विभाग के आईसीयू वार्ड के डॉक्टरों की ड्यूटी आकस्मिक में चिकित्सा में लगाई जाती है, क्यों नहीं सिविल सर्जन जिला अस्पताल के ऐसे कई द्वितीय श्रेणी चिकित्सा अधिकारी हैं, जिन्हें वह आराम देना चाहते हैं उनकी ड्यूटी क्यों नहीं लगते आकस्मिक चिकित्सा में ,यह भी अपने आप में एक प्रश्न है। यहां पर भी सिविल सर्जन की लचर प्रशासनिक व्यवस्था देखने को मिलती है।

**सर्जरी/आर्थोपेडिक विभाग:** सिविल सर्जन खुद अपने ओपीडी कक्ष क्रमांक 2 में शायद ही कभी बैठे दिखाई दिए होंगे इन्होंने अपना नाम दिखाए मात्र के लिए लगा रखा है, यह तो विशेष तौर से सर्जिकल स्पेशलिस्ट है, जिनका नाम ओपीडी कक्ष क्रमांक 5 में होना चाहिए। सिविल सर्जन को अपने सर्जिकल स्पेशलिस्ट एवं ऑर्थोपेडिक सर्जन से इतना लगाव है कि, इन्होंने इतने सारे डॉक्टर होने के बाद भी कभी भी ट्रामा सेंटर को 24 घंटे चलाएं मन रखने की कभी नहीं सोची, जबकि ट्रामा सेंटर में फिजियोथेरेपी यूनिट चालू है, जबकि जिला अस्पताल में 04 सर्जिकल विशेषज्ञ एवं 04 ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ है जो की ट्रामा सेंटर को 24 घंटा चलायमान रखने के लिए पर्याप्त है, परंतु सिविल सर्जन इन सभी चिकित्सकों को आराम देना चाहते हैं , ट्रामा सेंटर की बिल्डिंग ठीक है, थोड़ा बहुत सुधार करके जल्द ही ट्रामा यूनिट को चालू किया जा सकता है, परंतु सिविल सर्जन की लचर प्रशासनिक व्यवस्थाओं के कारण से ,जिला वासियों को ट्रॉमा केंद्र की सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है।क्योंकि सिविल सर्जन इन सभी जो को विशेषज्ञों जो की खास तौर से सर्जिकल/ आर्थोपेडिक विभाग के हैं ,इन सभी को सुबह के पाली में ड्यूटी के लिए बुला लेते हैं, नाम मात्र के लिए ओंन काल ड्यूटी इनसे कराई जाती है, यदि डॉक्टर आराम करेगा ,तो मरीज परेशान होंगे। एक सीनीयर सर्जिकल स्पेशलिस्ट शायद ही कभी ओपीडी कक्ष क्रमांक 5 में बैठे होंगे, यह सर्जिकल स्पेशलिस्ट जिला अस्पताल के कॉरिडोर में यहां वहां घूम कर अपना समय पास करते हैं

## खबर संक्षेप

### संचार प्रतिनिधियों को अनिवार्य सेवा मानते हुए पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने की सुविधा

**बालाघाट।** निर्वाचन आयोग द्वारा 19 मार्च 24 को एक अधिसूचना जारी की गई है। जिसके अनुसार संचार प्रतिनिधियों को अबसेंटी वोटर्स को अनिवार्य सेवा मानते हुए पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने की सुविधा दी जानी है। इस सुविधा का लाभ वे संचार प्रतिनिधि ले सकेंगे। जिनके निर्वाचन आयोग से प्राधिकार पत्र बनकर आने वाले है।

**12-डी जारी करना व पूरी प्रक्रिया ये होगी:** मतदान से पूर्व सुविधा केंद्रों पर मतदान करने के लिए संचार प्रतिनिधियों को 12-डी फॉर्म जारी किया जाएगा। इस सुविधा का लाभ लेने वाले संचार प्रतिनिधि 12-डी फॉर्म जिला जनसम्पर्क कार्यालय से भी प्राप्त कर सकते है। इस सुविधा का लाभ लेने वाले संचार प्रतिनिधियों की सहमति या असहमति दोनो आवश्यक है। जो संचार प्रतिनिधि सहमति देंगे उन्हें आयोग के निर्धारित प्रारूप में 12-डी जारी किया जायेगा। अतः संचार प्रतिनिधियों से आग्रह है कि अपनी सहमति से अवगत कराएं। ताकि समय पर कार्य सम्पादित किया जा सके। यह सुविधा सिर्फ उन पत्रकारों के लिये होगी जिन्होंने 16 फरवरी तक जिला जनसम्पर्क कार्यालय में अपने फोटो व दस्तावेज उपलब्ध कराये है। जिनके नाम आयोग में प्राधिकार पत्र जारी करने हेतु प्रेषित किये गए है। यह प्रक्रिया 24 मार्च से पूर्व की जानी है। सहयोग की अपेक्षा के साथ।

### 25 मार्च को सम्पूर्ण जिले में शुष्क दिवस घोषित

**बालाघाट।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने सम्पूर्ण जिले में 25 मार्च को शुष्क दिवस घोषित किया है। इसके पालन में 24 मार्च की रात्रि को निर्धारित समय पश्चात समस्त मदिरा दुकानें एवं अन्य अनुज्ञप्त परिसर प्रशासकीय एवं लोकहित में बन्द रखें जाएंगे। इस दिन जिले की सम्पूर्ण मदिरा दुकानें/ देशी मदिरा स्टोरेज भाण्डागार/एफ. एल.-3/एफ. एल.-4/एफ. एल.-7/ वाईन आउट लेट बन्द रहेगें।

### अभ्यर्थी को अधिसूचना से 3 माह पूर्व के 20 फ़ोटो नाम निर्देशन पत्र के साथ देने होंगे

**बालाघाट।** आम लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत बुधवार से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का कार्य प्रारम्भ हो गया है। रिटर्निंग अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने बताया कि नाम निर्देशन पत्र (फार्म 2 ए) के साथ पूर्ण रूप से भरा हुआ शपथ पत्र जो नोटरी के साथ कमिश्नर/ मजिस्ट्रेट के द्वारा 50 रुपये के स्टॉम्प पेपर इसके अलावा सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण की छायाप्रति, सामान्य वर्ग के लिए 25 हजार और एसटी, एससी वर्ग के लिए 12500 रुपये की निक्षेप राशि जमा करनी होगी।

### 27 मार्च को शिवराज सिंह चौहान और प्रहलाद पटेल के साथ जमा करेगी नामांकन

## भाजपा प्रत्याशी भारती पारधी ने जमा किया मुहुर्त का नामांकन!

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट से भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी भारती पारधी ने गुरुवार को मुहूर्त का नामांकन दाखिल किया। जबकि आगामी 27 मार्च को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल के साथ वह जोर शोर से नामांकन दाखिल करेगी।

21 मार्च को कलेक्ट्रेट नामांकन दाखिल करने पहुंची भाजपा प्रत्याशी भारती पारधी के साथ पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन, भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे, पूर्व नपाध्यक्ष रमेश रंगलानी, महिला नेत्री लता एलकर, पूर्व नपाध्यक्ष अनिल धुवारे, भाजयुमो अध्यक्ष भूपेन्द्र सोहागपुरे सहित अन्य भाजपा नेता, संगठन पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के पास नामांकन फॉर्म जमा करके लौटी भारती पारधी ने बताया कि आज मैंने मुहूर्त का नामांकन जमा किया है। आगामी 27 मार्च को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल के साथ जुलूस के रूप में नामांकन जमा करेगी।

विधानसभा चुनाव में भाजपा ने किसानों से धान के 3100 और गेहूं के 2700 रुपए देने के वादा किया था। जो अब तक सरकार नहीं दे सकी है, जिससे किसानों में नाराजगी को लेकर किए सवाल पर भाजपा प्रत्याशी भारती पारधी ने कहा कि भाजपा, अपना हर वादा पूरा करती है। किसानों से किया गया वादा भी पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संसदीय क्षेत्र में निर्वाचित होने के बाद जिले में औद्योगिक विकास को गति दी जाएगी।

### भेंटकर लिया, आशीर्वाद और मार्गदर्शन

## अधिवक्ताओं का अतुलनीय योगदान प्रेरणादाईः भारती पारधी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



लोकतंत्र और देश के नवनिर्माण में आजादी के बाद से हमारे विद्वान अधिवक्ताओं का अतुलनीय योगदान रहा। जो हमारे लिए आज भी प्रेरणादाई है। इसी अभिलाषा के साथ आज मैं आमजन को न्याय दिलाने वाले अधिवक्ताओं आशीर्वाद और मार्गदर्शन लेने आईं हूं। ताकि हमारे अधिवक्ता साथियों के बहुमूल्य सुझाव और विचार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार बनने वाली सरकार में निर्णायक साबित हो। आशय के विचार गुरुवार को जिला अधिवक्ता संघ, बालाघाट विद्वान अधिवक्ता गणों से सौजन्य भेंट करते हुए लोकसभा क्षेत्र बालाघाट-सिवनी, भाजपा प्रत्याशी भारती पारधी ने कही। इस दौरान भारती पारधी ने अधिवक्ता गणों से मिले सुझाव और मार्गदर्शन को बालाघाट-सिवनी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और जनसेवा के कार्यों में अमलीजामा पहनाने का विश्वास जताया। इस अवसर पर प्रमुख तौर पर जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष आनन्द टेम्भरे, उपाध्यक्ष मीना कुर्वे, सचिव मधु बिसेन, सहसचिव संगीता नागेश्वर, आनंद मेश्राम, कोषध्यक्ष संजय अग्निहोत्री, ग्रंथपालं धनंजय देशमुख सहित अधिवक्ता संघ के सभी सदस्य और विद्वान अधिवक्ता की गरिमामय उपस्थिति रही।

# जटाशंकर कॉलेज में विश्व वानिकी दिवस सम्पन्न









## वनों के महत्व को समझें नई पीढ़ी : ए.पी.एस. सेंगर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

वन विभाग वन वृत बालाघाट एवं जटाशंकर त्रिवेदी शासकीय पीजी महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में कल विश्व वानिकी दिवस सम्पन्न हुआ। जटाशंकर कॉलेज के वर्चुवल कक्ष में विद्यार्थियों के बीच सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना के उपरांत सरस्वती वंदना छात्राओं के द्वारा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ए.पी.एस. सेंगर, भा.व.से. वनसरंक्षक वनवृत बालाघाट, विशिष्ट अतिथि डॉ. चंदेलकर प्राचार्य जटाशंकर कॉलेज की उपस्थिति में कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। उपवनमंडल अधिकारी उकवा प्रशांत साकरे के द्वारा मंच संचालन करते हुए मंचासीन मुख्य वनसरंक्षक बालाघाट तथा वन मंडल अधिकारी बालाघाट उत्तर सामान्य अभिन्नव पल्लव तथा वन मंडल अधिकारी दक्षिण सामान्य श्रीमती मीरा मिश्रा का पुष्पगुच्छ से सम्मान करते हुए कार्यक्रम का आगाज़ किया गया।

वन विभाग के अधिकारियों ने महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को वन के महत्व को बताते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ी संसार में सांस ले सके तथा जीवन बना रहें, इसके लिए पेड़ लगाना अत्यंत आवश्यक हैं। अधिक से अधिक हम वृक्षों को लगायें, अवैध कटाई को बंद करें तथा वन एवं वन्यप्राणियों की रक्षा करें। वरिष्ठ अधिकारियों ने विद्यार्थियों को वन विभाग की प्रक्रिया को समझाते हुए कहा कि वृक्ष लगाने से लेकर विभाग वृक्षों की कटाई भी कराता हैं तथा परिवहन भी करता हैं। कार्यक्रम के दौरान इनकी उपस्थिति सराहनीय रहीं। धमेन्द्र बिसेन वन परिक्षेत्र अधिकारी बालाघाट, शिवम पुरी गोस्वामी वन परिक्षेत्र अधिकारी दक्षिण लामता, उपवनमंडल अधिकारी बालाघाट दक्षिण सामान्य फूलबेले मेडम, सहायक परिक्षेत्र नरेन्द्र बंसोड़ एवं वनरक्षक उपस्थित रहें।

## नन्हें अज़लान ने रखा रोज़ा



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** रमज़ान के चल रहें पवित्र महिने में 10वां रोजा दिन जुमेरात को फ्रेन्डस कॉलोनी निवासी सात वर्षीय मोहम्मद अज़लान खान ने रोज़ा रखा। ज्ञात हो मोहम्मद अज़लान इंजिनियर मोहम्मद अतीक खान एवं शमसाद सिरिन के सुपुत्र हैं और हाजी मोहम्मद शफीक खान और हज्जन दीनज़हां खान का पोता हैं। मोहम्मद अज़लान के रोज़ा रखने पर उन्हें उनके रिश्तेदारों ने मुबारकबाद दी हैं।

## बस स्टैंड प्रतिक्षालय से असामाजिक तत्वों को हटाने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बस स्टैण्ट राज्य परिवहन (सरकारी प्रतिक्षालय)प्रतिक्षालय के पास सभी भोपाल, जबलपुर एवं नागपुर जाने वाली बस लगती है। यहाँ पर अधिकतर यात्रिगण परिवार सहित बसो का इंतेजार करते है। यहाँ कुछ असामजिक तत्व जिसमें कुछ महिलायें भी शामिल जो यहाँ देह व्यपार (धंधा) करने का काम करती है, इनके द्वारा यहाँ नशा करके बहुत अश्लील गालियों का उपयोग करके आपस में लड़कर यहाँ का माहौल खराब करते है, जिसके कारण पेशेंजरो को अपने परिवार सहित यहाँ बैठने में बहुत दिक्कत होती है और यहाँ वहाँ भटकते रहते है। अगर कोई व्यक्ति उनको अश्लील गालियाँ देने मना करता है तो ये एकजुठ होकर उनको माँ बहन की अश्लील गालियाँ देकर मारपीठ करते है। इसके पहले भी पुलिस



थाने में एवं 100 डायल के माध्यम से यहाँ के रहागिरो एवं व्यवसायिक लोगो ने कई बार शिकायत किये है। जिससे पुलिस कुछ दिन आती है तो ये असमाजिक लोग पुलिस को देखकर थोड़े समयके लिये गायब हो जाते है। और पुलिस के जाते ही ये फिर से अपना जमावड़ा जमाकर, नशा करकेआपस में अश्लिल गाली देकर यहाँ का माहोल खराब करते है, और बहार से आये यात्रियो को माँ-बहन एवं अन्य गन्दी गन्दी गालियाँ देकर एवं मारपीट करके पैसो की मांग भी करते है, एवं कुछ असमाजिक महिलाओं के साथ मिलकर यात्रियों को महिला अपराध प्रकरण में फसाने की धमकीभी दी जाती है, और इन महिलाओं के द्वारा कहा जाता है कि पुलिस हमारे साथ है, पुलिस हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकती। यहाँ पास में पुलिस चौकी होने के बावजूद भी चौकी के पुलिस कर्मियो द्वारा किसी प्रकार से यहाँ के खराब माहोल में ध्यान नहीं दिया जाता है। असमाजिक तत्वो के द्वारा यहाँ पर कई प्रकार का नशा एंव देह व्यपार (धंधा) किया जाता है, और ये महिलाऐं एवं इनकी गेंग इतने नशे में होती है कि ये किसी को भी मारने काटने को डरते नहीं है। जिसके कारण इनको यहाँ पर कोई कुछ नहीं बोल पाता जिससे इनका हौसला औरबुलंद होते जाता है। जिससे यहाँ पर जान-मान हानि का अत्यधिक भय बना हुआ है।यहाँ के व्यपारियो और यात्रिगणो में हमेशा भय बना हुआ रहता है। और इन असमाजिक तत्वो की गंदी हरकते एवं गंदी-गंदी गालियों के कारण यात्री प्रतिक्षालय में बैठना बहुत ही शर्मदायक है।

यहाँ आने जाने वाले यात्रियों की सुरक्षा हेतु एवं यहाँ के गन्दे वातावरण को ठीक करने के लिये यहाँ पर एक पुलिस कांस्टेबल लगाया जाये एवं समय समय पर पुलिस के द्वारा राउंड लगाकर फालतू नशा करने वाले व्यक्तियों जिसमें महिला भी सामिल है इन्हे यहाँ से हटाया जाये। जिससे यात्रिगण सुरक्षा पूर्वक एवं भय मुक्त होकर प्रतिक्षालय में बैठ सकें।

### सर्जरी शिविरः 23 महिलाओं के बच्चेदानी का किया गया ऑपरेशन

**बालाघाट।** जिला अस्पताल और रोटरी क्लब ऑफ वैनगंगा दिवास के संयुक्त तत्वाधान में जिले में पहली बार महिलाओं के बच्चेदानी ऑपरेशन के तीन दिवसीय शिविर का शुभारंभ 19 मार्च को किया गया। जिसका समापन 21 मार्च को किया गया। तीन दिनों में कुल 23 महिलाओं के बच्चेदानी का ऑपरेशन किया गया। जिन्हें सात दिनों तक अस्पताल में चिकित्सीय देखरेख में रखा जाएगा। इस शिविर के बाद भी चिन्हित महिलाओं का फिट होने पर ऑपरेशन किया जाएगा। यह बात तीन दिवसीय महिला बच्चेदानी के सर्जरी शिविर के समापन पर सिविल सर्जन डॉ. संजय धबड़घाव ने कही। उन्होंने बताया कि कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन और डॉ मनोज पांडे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय बच्चेदानी ऑपरेशन का सर्जरी शिविर का आयोजन 19 से 21 मार्च तक शहीद भगत सिंह जिला चिकित्सालय बालाघाट में आयोजित किया गया है। जिसमें जबलपुर के स्त्रीरोग विशेषज्ञ और एनिस्थिसिया विशेषज्ञों का सहयोग रहा।

## कटंगी और तिरोड़ी पुलिस ने 252 लीटर कच्ची शराब की जब्त

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

आगामी समय में होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कच्ची शराब के अवैध विनिर्माण परिवहन पर रोक लगाने के लिए वरिष्ट पुलिस अधिकारियों के निर्देशन पर इन दिनों कटंगी और तिरोड़ी पुलिस ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है. गुरूवार को तिरोड़ी पुलिस ने ग्राम दिग्धा में छापामार कार्रवाई करते हुए भुरू राउत और संजय नगपुरे के पास से 70 लीटर कच्ची शराब और एक मोटरसाईकिल जब्त की है. जब्त शराब की कीमत 7 हजार रुपए और जब्त बाइक एच.एफ. डीलक्स एम.एच. 36 ए.एफ 3921 की कीमत 50 हजार आंकी गई है. तिरोड़ी थाना प्रभारी गहलोद सेमलिया के निर्देशन पर पुलिस टीम ने उक्त कार्रवाई का अंजाम दिया है. वहीं कटंगी पुलिस ने कटेधरा, जड़खरीद और कामठी में छापामार कार्रवाई कर कुल 182 लीटर कच्ची शराब जब्त करने की कार्रवाई की. कटंगी थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले ने जानकारी देते हुए बताया कि कटेधरा में महेन्द्र टांडेकर के पास से 60 लीटर, जड़खरीद में ज्ञानसिंह कुसराम के पास से 60लीटर और कामठी में रामलाल उइके के पास से 62 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई. तीनों ही अपराधियों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर समान धारा 34 (2) के तहत कार्रवाई की गई है।

### महिला शिक्षिकाओं ने वीडियो जारी कर की मतदान की अपील

**बालाघाट।** आम लोकसभा निर्वाचन 2024 में 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में हर एक मतदाता की सहभगिता के लिए मतदाता जागरूकता अभियान जिले में जोरो पर है। स्वीप नोडल अधिकारी डीएस रणदा के निर्देशन में स्वीप गतिविधियां प्रारम्भ हो गई है। गुरुवार को शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल बिरसा की महिला शिक्षकों ने अनोखे ढंग से मतदाता जागरूकता की शपथ ली। सभी महिला शिक्षिकाओं ने अपने हाथों में लोकतंत्र में मतदाताओं की भूमिका को लेकर नारे लिखी तख्ती लेकर वीडियो जारी किया कर मतदान की अपील की।

### ग्राम रिसेवाड़ा में सोनवाने ट्रेडर्स की मनमानी, लोगों को नहीं मिल रहा पानी

## 'जो सरकारी वो हमारी' की तर्ज पर सरकारी हैंडपंप में कर लिया कब्जा

हरिभूमि न्यूज लांजी।

पानी की सुविधा देने सार्वजनिक स्थलों में सरकार के द्वारा लगाए गए हैंडपंपों में निजी लोगों ने कब्जा कर लिया है। खासकर लांजी तहसील के ग्राम रिसवाडा में इस तरह की मनमानी देखने को मिल रही है। जहां सोनवाने हार्डवेयर एवं इलेक्ट्रानिक्स के संचालक राधेश्याम सोनवाने द्वारा सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के साथ-साथ शासकीय हैंडपंप को भी अपने कब्जे लेकर उसमें समर्सिबल लगाकर उसका उपयोग किया जा रहा है और ग्रामीण पानी को तरस रहे है। इससे एक ओर सार्वजनिक हैंडपंपों का लाभ आम लोगों को नहीं मिल पा रहा है। वहीं दूसरी ओर सरकार की संपत्ति का दुरुपयोग होते साफ दिखाई दे रहा है। इससे पीएचई के अधिकारियों को कोई सरोकार नहीं है। विडंबना यह है कि ग्रामीणों द्वारा इसकी शिकायत भी नहीं की जा रही है। जिसके चलते यह प्रथा आम हो चली है। हद तो तब हो जा रही है जब इस संबंध में ग्राम के सरपंच और पंचायत सचिव को भी इस संबंध में जानकारी है परंतु इनके द्वारा सरकारी नियमों को ठेंगा दिखाया जा रहा है।

जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत रिसेवाड़ा में ग्राम अंधियाटोला निवासी राधेश्याम सोनवाने द्वारा सोनवाने ट्रेडर्स के नाम से हार्डवेयर और फनीर्चर एवं पेंट की दुकान संचालित की जाती है जिनके द्वारा सार्वजनिक हैंडपंप में सबमर्सिबल पंप लगाकर अपने दुकान के अंदर रख लिया गया है। जिससे हैंडपंप की सुविधा केवल एक ही व्यक्ति उठा रहा हैं। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र की पूर्व विधायक सुश्री हिना कावरे द्वारा यहां ग्रामीणों और राहगीरों की सुविधा के लिये विधायक निधी से लगवाया गया था जिसे राधेश्याम सोनवाने द्वारा खुद के इस्तेमाल के लिए दुकान के अंदर कर लिया है और निजी इस्तेमाल कर रहा है।

**सार्वजनिक संपत्ति पर निजी कब्जा, सबसर्मिबल भी लगाया:** ऐसे बोर में बकायदा लोग सबमर्सिबल पंप लगाकर भरपूर पानी लेते हैं। इसकी जानकारी प्रशासन को नहीं होती। या फिर मैदानी स्तर के कर्मचारियों को इससे सरोकार नहीं रहता। जबकि मैदानी स्तर के कर्मचारियों को प्रत्येक गांवों में कितने बोर चल रहे हैं और कितने बिगड़े पड़े हैं इसका डेटा अपने उच्चाधिकारियों को देना होता है। लेकिन वे मॉनिटरिंग करते ही नहीं। जिसका फायदा क्षेत्र के चुनिंदा लोग उठाते हैं और गरीब ग्रामीण मुंह ताकते रह जाते है। वहीं दूसरी ओर सरकार प्रत्येक घरों में साफ पानी पहुंचाने के लिए अपना पूरा खजाना खाली कर दी है। गांव गांव में करोड़ों रुपए की लागत से पानी टंकी का निर्माण कराया जा रहा है।

**ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा पानी:** अपनी व्यथा बताते हुए ग्रामीणों ने बताया की रोड के किनारे कुछ वर्ष पहले पूर्व विधायक सुश्री हिना कावरे ने विधायक निधी से उक्त हैंडपंप का खनन कराया था जो कुछ समय तक तो लोगों के कंठ की प्यास बुझाता रहा परंतु बड़ी ही चालाकी से सोनवाने ट्रेडर्स के संचालक राधेश्याम सोनवाने द्वारा अपनी दुकान को दो कदम आगे बढ़ाते हुए अतिक्रमण तो किया ही गया साथ ही साथ सरकारी संपत्ति को भी अपने कब्जे में ले लिया गया और दंबगई का आलम यहां भी खत्म नहीं हुआ राधेश्याम सोनवाने द्वारा सरकारी संपत्ति को निजी बनाते हुए बकायदा उक्त हैंडपंप में समर्सिबल डालकर उसका पानी अपने उपयोग में ले रहे है। परंतु ग्राम के ग्रामीण उसका पानी इस्तेमाल नहीं कर पा रहे है।



### इनका कहना है

मुझे इस संबंध में पूर्व में भी शिकायत मिली है और आज पुनः आपने मामले को संज्ञान में लाया है। अगर किसी दुकानदार ने सरकारी जमीन और संपत्ति को अपने कब्जे में लिया है तो इस संबंध में प्रशासन को अवगत कराकर शासकीय हैंडपंप को अतिक्रमण से मुक्त कराकर ग्रामीणों की सुविधा के लिये उपलब्ध कराया जाएगा।

**एच.के. बागेश्वर, एसडीओ पीएचई विभाग लांजी**

आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है, दुकानदार द्वारा शासकीय हैंडपंप को अपने हद के अंदर किया गया है जो नियम विरूद्ध है, इसके लिये दुकानदार को पंचायत की ओर से नोटिस देकर उसे आमजन के लिये मुक्त करके समर्सिबल निकालने के लिये कहा गया है। तथा समयावधि पर हैंडपंप को मुक्त नहीं किया गया तो वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

**डिलेश मानकर, जीआरएस ग्राम पंचायत रिसेवाड़ा**

## रामपायली में शांति समिति की बैठक सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

पुलिस थाना रामपायली में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें आगामी होलिका उत्सव एवं मोहर्रम पर शांति व्यवस्था बनी रहे। इस हेतु रामपायली पुलिस थाना निरीक्षक चंद्रजीत यादव ने नगर एवं क्षेत्र से शांति समिति के सदस्य एवं गणमान्य नागरिकों की बैठक आहूत की गई। जिसमें नगर एवं क्षेत्र के सरपंच, पंच और नागरिकों की उपस्थिति रही। जहां निरीक्षक चंद्रजीत यादव ने बैठक में उपस्थितजनों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि आगामी होली का उत्सव एवं मोहर्रम पर्व पर नगर एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रहे, कानून का पालन नियमित रूप से होता रहे एवं लोग आपसी प्रेम भाव बनाए रखकर पर्व का आनंद उत्सव उठाये। जिससे आपसी प्रेम भाईचारा बना रहे, कानून का पालन सभी ओर यथावत रहे, कानून का उल्लंघन करने वालों की सूचना तत्काल पुलिस थाना को दी जाए, ऐसी अनेक विषयों पर सविस्तार चर्चा हुई। आम जनों ने भी अपनी विचार रखें।